BYJU'S EXAM PREP

मासिक जी.के. डाइजेस्ट

फरवरी 2022

TATA | sky

मंथली डाइजेस्ट
फरवरी-2022

प्रिय पाठकों,

यह मंथली डाइजेस्ट अपडेट "**फरवरी - 2022**" में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। इस फ़ाइल आगामी **बैंकिंग, एसएससी, रेलवे परीक्षा** और **साक्षात्कार** के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी, **गेल (इंडिया) लिमिटेड** ने इंदौर में प्राकृतिक गैस प्रणाली में हाइड्रोजन मिश्रित करने की भारत की पहली परियोजना शुरू की।
   नोट: यह देश में अपनी तरह की पहली परियोजना है। हाइड्रोजन मिश्रित प्राकृतिक गैस की आपूर्ति इंदौर में HPCL के सहयोग में परिचालित गेल की संयुक्त उद्यम (JV) कंपनी अवंतिका गैस लिमिटेड को की जाएगी।
2. ई-वॉलेट कंपनी, **पेटीएम** ने 'भारत का पहला' इंटेलिजेंट मैसेंजर 'पॉप्स' प्रस्तुत किया है।
   नोट: 'पॉप्स' मैसेंजर उपयोगकर्ता को अपने स्टॉक, उनके पोर्टफोलियो के विश्लेषण, बाजार समाचार, और महत्वपूर्ण बाजार गतिविधियों से संबंधित विशिष्ट जानकारी सभी एक स्थान पर प्रदान करेगा। यह जटिल स्टॉक सिफारिश, नई अंतर्दृष्टि तथा नई सेवाएं पेश करने के लिए एक मार्केटप्लेस के रूप में भी कार्य करेगा।
3. डायरेक्ट टू होम (DTH) प्लेटफॉर्म, टाटा स्काई ने स्वयं को एक नए नाम तथा पहचान में रीब्रांड किया और अब इसे **टाटा प्ले** कहा जाएगा।
   नोट: DTH कंपनी ने नया OTT (ओवर द टॉप) कंटेंट सेंट्रिक चैनल पैक पेश करने के लिए नेटफ्लिक्स के साथ समझौता किया है। OTT कॉम्बो पैक के साथ, टाटा प्ले उपयोगकर्ता बिंज सर्विस में दोनों OTT प्लेटफार्मों के साथ-साथ सामान्य टीवी चैनलों का सब्सक्रिप्शन प्राप्त कर पाएंगे। टाटा प्ले बिंज सिंगल सब्सक्रिप्शन और भुगतान लचीलापन प्रदान करते हुए सिंगल यूजर इंटरफेस के माध्यम से 13 प्रमुख OTT ऐप्स का कंटेंट प्रदान करेगा।
4. टाटा पावर सोलर सिस्टम्स के सहयोग से **भारतीय स्टेट बैंक** ने एक समर्पित केंद्रीकृत प्रसंस्करण सेल - सूर्य शक्ति सेल लॉन्च किया।
   नोट: सूर्य शक्ति सेल, पूरे भारत से प्राप्त सौर परियोजनाओं (1 मेगावाट तक की क्षमता) के लिए सभी ऋण आवेदनों को संसाधित करेगा, ये परियोजनाएं व्यावसायिक संस्थाओं के साथ-साथ घरों में स्थापित की जा सकेंगी। इस डिजिटल पहल के साथ, SBI सौर परियोजनाओं के लिए प्रतिस्पर्धी दरों पर एक पूर्ण समाधान पेश करेगा।
5. पावर एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (PXIL) में **NTPC विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड** ने 5% इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया।
   नोट: NVVN ने PXIL के सह-प्रवर्तक शेयरधारक NSE इन्वेस्टमेंट से PXIL के शेयर खरीदे हैं। NVVN भारत में शीर्ष बिजली व्यापारियों में से एक है और PXIL में इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण NVVN को विद्युत व्यापार बाजार में एक अच्छा स्थान हासिल करने और उसे बनाए रखने के लिए एक रणनीतिक अवसर प्रदान करेगा।
6. **हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन** ने हैप्पीशॉप (HaPpyShop) ब्रांड नाम के तहत अपने रिटेल स्टोर का उद्घाटन करके गैर-ईंधन खुदरा क्षेत्र में प्रवेश किया है।

नोट: मालाबार हिल्स के पास नेपियन सी रोड पर कंपनी के स्वामित्व वाले रिटेल आउटलेट पर स्थित, यह "क्लब एचपी" रिटेल आउटलेट पर कंपनी की नवीनतम पेशकश है। स्टोर भोजन, प्रसाधन सामग्री, स्वास्थ्य संबंधी उत्पाद, बेकरी उत्पाद, किराने का सामान, दवाएं आदि सहित घरेलू उपयोगी उत्पाद उपलब्ध कराएगा।

7. **5000 करोड़ रुपये** की प्रारंभिक अधिकृत पूंजी के साथ भारत सरकार एक राष्ट्रीय भूमि मुद्रीकरण निगम की स्थापना करेगी।

   नोट: अब तक, CPSE ने MTNL, BSNL, BPCL, B&R, BEML, HMT लिमिटेड, इंस्ट्रुमेंटेशन लिमिटेड सहित CPSE से मुद्रीकरण के लिए 3,400 एकड़ भूमि और अन्य गैर-प्रमुख संपत्तियां निर्दिष्ट की हैं। सड़क, रेलवे, बिजली, तेल तथा गैस पाइपलाइन और दूरसंचार सहित शीर्ष पांच क्षेत्रों में कुल मूल्य का लगभग 83 प्रतिशत हिस्सा है।

8. नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (NARCL) या बैड बैंक के परिचालन के चरण I में चालू वित्त वर्ष में NARCL को लगभग 15 खातों की कुल **50,000 करोड़ रुपये** की राशि हस्तांतरित की जाएगी।

   नोट: 82,845 करोड़ रुपये के कुल 38 NPA खातों को प्रारंभ में NARCL में स्थानांतरित करने के लिए चयनित गया गया है। चरण I में चालू वित्त वर्ष में 50,000 करोड़ रुपये के 15 खाते NARCL को हस्तांतरित किए जाएंगे।

9. वेदांता लिमिटेड ने ऋणदाताओं के साथ चर्चा के बाद अधिकांश सिंडिकेटेड सुविधा लेने के लिए **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** के साथ 8000 करोड़ रुपये का करार किया है।

   नोट: 2020 के दौरान, कोविड-19 महामारी के बीच, वेदांत लिमिटेड ने 10.5 प्रतिशत की परिचालन लागत पर अग्रणी बैंक के रूप में भारतीय स्टेट बैंक के साथ 10 हजार करोड़ रुपये की एक सिंडिकेटेड सुविधा का करार किया था। कंपनी की समग्र ब्याज लागत को कम करने के लिए मौजूदा सिंडिकेटेड सुविधा का अधिकार संभालने हेतु दिसंबर 2021 से इस प्रतिस्थापित सुविधा का लाभ उठाया गया था।

10. केंद्र सरकार ने **1875 करोड़ रुपये** के खर्च के साथ राष्ट्रीय खेल संघों (NSF) के लिए सहायता योजना जारी रखने की मंजूरी दी है।

    नोट: यह सभी प्रमुख राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं हेतु राष्ट्रीय टीम तैयार करने के लिए धन का मुख्य स्रोत है। राष्ट्रीय खेल संघों द्वारा राष्ट्रीय कोचिंग शिविर आयोजित करने और एथलीटों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए धन का उपयोग किया जाएगा।

11. **पंजाब नेशनल बैंक** और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड (PAL) ने भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) के साथ साझेदारी में को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च किए।

    नोट: को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड NCPI के रुपे प्लेटफॉर्म पर जारी किए जाते हैं और यह दो वेरिएंट- PNB रुपे प्लेटिनम और PNB रुपे सेलेक्ट में उपलब्ध है। दोनों को-ब्रांडेड कार्ड कैश बैक, लॉयल्टी प्वाइंट, बीमा कवर इत्यादि के साथ-साथ पतंजलि के दैनिक उत्पादों को खरीदने के लिए एक परेशानी मुक्त क्रेडिट सेवा प्रदान करते हैं।

12. ऑनलाइन प्लेटफॉर्म **दुकान** ने अपने व्यापारियों को BNPL सेवाएं प्रदान करने के लिए एक बाय-नाउ-पे-लेटर प्लेटफॉर्म सिंपल के साथ साझेदारी की है।

    नोट: सिंपल एक बाय-नाउ-पे-लेटर प्लेटफॉर्म है। दुकान एक बैंगलोर स्थित स्टार्टअप है जो D2C तथा SMB व्यापारियों को ऑनलाइन स्टोर स्थापित करने और उत्पादों को डिजिटल रूप से बेचने में सक्षम बनाता है।

13. घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में वास्तविक GDP विकास दर **7.8 प्रतिशत** होगी।

    नोट: यह अनुमान पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देकर और राजकोषीय समेकन पर धीमे काम करके खर्च को कम करने पर केंद्रित बजट प्रस्तावों के कारण है। एजेंसी ने कहा कि इस वर्ष वैश्विक विकास धीमा रहने की

उम्मीद है क्योंकि प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं मौद्रिक और राजकोषीय प्रोत्साहन को वापस ले रही हैं।

14. लंदन स्थित ब्रांड फाइनेंस के अनुसार, भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) को विश्व स्तर पर **10वें** रैंक के सबसे मूल्यवान बीमा ब्रांड का स्थान दिया गया है।

नोट: इसके अलावा, LIC इटली के पोस्टे इटालियन और स्पेन के मैपफ्रे के बाद विश्व स्तर पर ब्रांड शक्ति में तीसरे स्थान पर है और विश्व स्तर पर 10वां सबसे मूल्यवान बीमा ब्रांड भी है। LIC का बाजार मूल्य वर्ष 2022 तक 43.40 लाख करोड़ रुपये या 59.21 बिलियन डॉलर और वर्ष 2027 तक 58.9 लाख करोड़ रुपये या 78.63 बिलियन डॉलर हो जाएगा।

15. फरवरी 2022 में, भारतीय रिजर्व बैंक ने किस सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया_____**इंडिपेंडेंस को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड।**

नोट: फलस्वरूप, बैंक ने 3 फरवरी, 2022 को कारोबार की समाप्ति से बैंकिंग कार्य करना बंद कर दिया। बैंक के पास पर्याप्त पूंजी तथा उपार्जन संभावनाएं नहीं हैं।

16. **SBI** ने दिल्ली में लाल किले के L1 बैरक में आत्मनिर्भर भारत सेंटर फॉर डिज़ाइन (ABCD) के विकास के लिए इंदिरा गांधी सेंटर फॉर द आर्ट्स और नेशनल कल्चर फंड के साथ त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: प्रॉजेक्ट ABCD का मुख्य उद्देश्य उन उत्पादों को विशिष्ट रूप से दर्शाना, बढ़ावा देना और उनकी सराहना करना है जिन्हें भारत से GI उत्पादों के आर्थिक मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए भौगोलिक उपदेशन चिह्न प्राप्त है। ABCD प्रॉजेक्ट को संस्कृति मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन IGNCA द्वारा मंत्रालय के NCF फंड के माध्यम से कार्यान्वित किया जाएगा।

17. पिंग एन इंश्योरेंस **चीन** की बीमा कंपनी है जिसे 2022 की नवीनतम ब्रांड फाइनेंस रिपोर्ट के अनुसार विश्व स्तर पर शीर्ष सबसे मूल्यवान बीमा कंपनी बताया गया है।

नोट: पांच चीनी बीमा कंपनियां शीर्ष दस रैंकिंग में शामिल हैं। शीर्ष 10 में अमेरिका की दो कंपनियां हैं, जबकि फ्रांस, जर्मनी और भारत की एक-एक कंपनियां हैं। इससे जीवन बीमा निगम शीर्ष 10 सबसे मजबूत ब्रांड और शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान बीमा ब्रांड की सूची में स्थान प्राप्त करने वाला एकमात्र घरेलू बीमाकर्ता बन गया।

18. वर्ष 2021 में कोरोनावायरस अनुक्रिया के लिए 1.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर समेत एशियाई विकास बैंक (ADB) द्वारा भारत को **4.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर** की राशि का सॉवरेन ऋण प्रदान किया गया।

नोट: इसमें कोरोनावायरस रोग (COVID-19) महामारी अनुक्रिया के लिए 1.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण भी शामिल है। एजेंसी ने भौगोलिक दृष्टि से संतुलित प्रोग्रामिंग के लिए प्रतिबद्ध 12 राज्य परियोजनाओं को 2.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता दी है। ADB के भारत पोर्टफोलियो में 31 दिसंबर 2021 तक 15.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की 69 परियोजनाएं शामिल थीं।

19. ग्राहकों को साइबर बीमा समाधान प्रदान करने के लिए **एयरटेल पेमेंट्स बैंक** ने ICICI लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस के साथ साझेदारी की है।

नोट: ICICI लोम्बार्ड की ओर से साइबर बीमा समाधान ग्राहकों को बैंकिंग, क्रेडिट या डेबिट कार्ड; पहचान चोरी; फ़िशिंग या ईमेल स्पूफ़िंग इत्यादि के संबंध में संभावित वित्तीय धोखाधड़ी से वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के ग्राहक एयरटेल थैंक्स ऐप का उपयोग करके इस साइबर बीमा पॉलिसी को खरीद सकते हैं। यह बीमा शून्य प्रतीक्षा काल के साथ मिलता है और उपयोगकर्ताओं को पॉलिसी अवधि के दौरान चुनी गई बीमित राशि की सीमा के भीतर कई बार एकाधिक क्लेम करने की सुविधा देता है।

20. हाल ही में पेश हुए आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22 के अनुसार, **महाराष्ट्र** नए अभिज्ञात स्टार्टअप और यूनिकॉर्न की सूची में सबसे ऊपर है।

नोट: अकेले महाराष्ट्र ने चालू वित्त वर्ष में परिचालन शुरू करने वाले चौदह हजार स्टार्टअप्स में से 11,308 को मान्यता दी। यूनिकॉर्न का दर्जा हासिल करने वाली 44 कंपनियों में से 11 राज्य में स्थित हैं।

21. वित्त मंत्रालय ने 17 राज्यों को **9,871 करोड़ रुपये** की राशि का मासिक पोस्ट डिवोल्यूशन रेवेन्यू डेफिसिट (PDRD) अनुदान जारी किया।

नोट: पंद्रहवें वित्त आयोग ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में 17 राज्यों को 118452 करोड़ रुपये के कुल पोस्ट डिवोल्यूशन रेवेन्यू डेफिसिट अनुदान की सिफारिश की है। पात्र राज्यों को अब तक 108000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की जा चुकी है।

22. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा 14 से 18 फरवरी 2022 तक मनाए जाने वाले वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2022 का विषय **गो डिजिटल, गो सिक्योर** है।

नोट: विषय वित्तीय शिक्षा हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति: 2020-2025 के एक सामरिक उद्देश्य के साथ जुड़ा हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) देश भर में एक विशेष विषय पर वित्तीय शिक्षा संदेशों का प्रचार करने के लिए 2016 से हर वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह (FLW) आयोजित कर रहा है।

23. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2022 **14 से 18 फरवरी** तक मनाया।

नोट: विषय वित्तीय शिक्षा हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति: 2020-2025 के एक सामरिक उद्देश्य के साथ जुड़ा हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) देश भर में एक विशेष विषय पर वित्तीय शिक्षा संदेशों का प्रचार करने के लिए 2016 से हर वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह (FLW) आयोजित कर रहा है।

24. 2020-21 में पीएम केयर्स फंड के अंतर्गत कुल राशि **10,990.17 करोड़** थी।

नोट: इस संवितरण में प्रवासी कल्याण के लिए 1,000 करोड़ रुपये और कोविड वैक्सीन डोज़ की खरीद के लिए 1,392 करोड़ रुपये थे। वित्तीय वर्ष के दौरान फंड में विदेशी योगदान लगभग 494.91 करोड़ रुपये और स्वैच्छिक योगदान लगभग 7,183 करोड़ रुपये दर्ज किया गया।

25. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, भारत को पिछले पांच वर्षों में **339.55 बिलियन अमेरिकी डॉलर** का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) प्राप्त हुआ है।

नोट: हाल के वर्षों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के अंतर्वाह में निरंतर वृद्धि हुई है। यह 2014-15 में 45.15 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2020-21 में 81.97 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। वर्ष 2019-20 के दौरान, भारत में FDI अंतर्वाह 74.39 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। 2018-19 में, यह 62 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। 2017-18 में, यह 60.97 बिलियन अमेरिकी डॉलर था और 2016-17 में, भारत में FDI अंतर्वाह 60.22 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

26. 2021 में दुनिया के केंद्रीय बैंकों के बीच सोना खरीदने के मामले में भारतीय रिजर्व बैंक का स्थान **दूसरा** है।

नोट: सेंट्रल बैंक ऑफ थाईलैंड (बैंक ऑफ थाईलैंड) 2021 में सोने का सबसे बड़ा खरीदार था और उसने 90 मीट्रिक टन सोना खरीदा। गोल्डहब के अनुसार, भारत का आधिकारिक स्वर्ण भंडार दुनिया में नौवां सबसे बड़ा है। गोल्डहब वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की आधिकारिक वेबसाइट है जो कीमती धातु से संबंधित सभी डेटा रखती है।

27. **रेज़रपे** कंपनी ने मलेशियाई पेमेंट स्टार्ट-अप "कर्लेक" में 19 मिलियन डॉलर से अधिक मूल्य की बहुमत हिस्सेदारी खरीदी।

नोट: यह रेज़रपे का कुल चौथा अधिग्रहण है और 375 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाने के ठीक एक महीने बाद आया है। इससे पहले, रेजरपे ने टेरा फिनलैब्स, ओपफिन और थर्डवॉच का अधिग्रहण किया था। कुआलालंपुर स्थित, कर्लेक व्यवसायों के लिए आवर्ती भुगतान के समाधान प्रदान करता है।

28. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, **इंस्टाग्राम** ने 'टेक ए ब्रेक' अभियान शुरू किया है।

नोट: टेक ए ब्रेक इंस्टाग्राम पर स्क्रॉल करने वाले उपयोगकर्ताओं को समय-समय पर प्लेटफॉर्म से ब्रेक लेने और अन्य चीजों पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में सचेत करेगा। प्लेटफॉर्म एक अधिसूचना के साथ

उपयोगकर्ताओं को नए समावेशन के बारे में भी सचेत करेगा।

29. e-RUPI डिजिटल वाउचर पर 10,000 रुपये की वर्तमान सीमा से वर्धित सीमा **100,000 रुपये** होगी।

नोट: इसकी घोषणा भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने की। उन्होंने कहा कि इस कदम से लाभार्थियों तक विभिन्न सरकारी योजनाएं पहुंचाने में अधिक आसानी होगी। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा विकसित e-RUPI प्रीपेड डिजिटल वाउचर अगस्त 2021 में लॉन्च किया गया था और यह UPI प्लेटफॉर्म पर कार्य करता है।

30. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने वित्त वर्ष 23 में **7.8 प्रतिशत** की अपरिवर्तनवादी वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि का अनुमान लगाया है।

नोट: शुक्रवार को मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा करते हुए, RBI की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने वित्त वर्ष 22 के लिए विकास पूर्वानुमान को 9.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा, जबकि CPI मुद्रास्फीति अनुमान को 5.7 प्रतिशत से घटाकर 5.3 प्रतिशत कर दिया गया।

31. RBI द्वारा जारी नवीनतम मौद्रिक नीति के अनुसार, TReDS निपटानों के लिए NACH आदेश सीमा **3 करोड़ रुपये** होगी जो MSME की बढ़ती चलनिधि आवश्यकताओं को पूरा करेगी।

नोट: गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि यह ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम (TReDS) निपटानों के लिए नेशनल ऑटोमेटेड क्लीयरिंग हाउस (NACH) की आदेश सीमा को वर्तमान में 1 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 3 करोड़ रुपये कर देगा। TReDS में लेनदेन NACH प्रणाली के माध्यम से निर्धारित किए जाते हैं। यह हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए और MSME की वित्तपोषण सुगमता तथा बढ़ती चलनिधि आवश्यकताओं को और बढ़ाने के लिए प्रस्तावित किया गया था।

32. वित्तीय साक्षरता को एक आवश्यक जीवन कौशल के रूप में बढ़ावा देने के लिए **भारतीय स्टेट बैंक** की सामरिक प्रशिक्षण इकाई ने NSE अकादमी के साथ साझेदारी की है।

नोट: NSE नॉलेज हब प्लेटफॉर्म पर SBI के पांच प्रारंभिक मैसिव ऑनलाइन ओपन कोर्स (MOOC) के लिए शिक्षार्थी 9 फरवरी से नामांकन शुरू कर सकते हैं। बैंक द्वारा पेश किए जा रहे पांच MOOC हैं: "बैंकिंग फंडामेंटल्स", MSME ऋणदान की संक्षेप प्रक्रिया, "भारत में इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणाली", "प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण मानदंड" और "NRI व्यवसाय और अनुपालन"।

33. उपभोक्ता ऋण के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म Paisabazaar.com ने **RBL** बैंक के साथ एक क्रेडिट कार्ड 'पैसा ऑन डिमांड' (PoD) पेश करने के लिए करार किया है।

नोट: क्रेडिट कार्ड विशेष रूप से पैसाबाजार प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, RBL बैंक का क्रेडिट कार्ड डिजिटल ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया के साथ आजीवन मुफ्त होगा। क्रेडिट कार्ड की विशेषताओं के साथ, यह उत्पाद ग्राहकों को सामान्य व्यक्तिगत ऋण दरों पर समान क्रेडिट सीमा का उपयोग करते हुए, RBL बैंक से व्यक्तिगत ऋण प्राप्त करने का विकल्प प्रदान करेगा।

34. आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने **उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक** के नेटवर्क के माध्यम से संपूर्ण भारत में स्वास्थ्य बीमा उत्पाद प्रदान करने के लिए बैंक के साथ एक बैंकएश्योरेंस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: यह बैंकएश्योरेंस साझेदारी हमारे वितरण को और मजबूत करने और बैंक के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से विकास के अवसरों को अनलॉक करने में मदद करेगी। यह साझेदारी हमें बीमा समाधानों के साथ टियर II और टियर III बाजारों तक पहुंच में मदद करेगा जिससे देश में बीमा की पहुंच बढ़ेगी। वर्तमान साझेदारी के माध्यम से, ABHICL के पूरे भारत में 51,120 से अधिक प्रत्यक्ष वितरकों के साथ 12 बैंकएश्योरेंस साझेदार हैं।

35. भारतीय रिजर्व बैंक ने स्वैच्छिक धारण मार्ग (VRR) में निवेश की सीमा को 1,50,000 रुपये से बढ़ाकर **2,50,000 करोड़ रुपये** कर दिया है।

नोट: भारतीय रिज़र्व बैंक ने 2019 में 1,50,000 करोड़ रुपये की निवेश सीमा के साथ विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPI) द्वारा कर्ज में निवेश के लिए स्वैच्छिक धारण मार्ग (VRR) की शुरुआत की थी। इसमें से अब तक तीन चरणों में लगभग 1,49,995 करोड़ रुपये का लाभ उठाया जा चुका है।

36. टॉम टॉम ट्रैफिक इंडेक्स की वैश्विक शीर्ष 25 सूची के अनुसार 2021 में दुनिया के सबसे भीड़भाड़ वाले शहरों में मुंबई की रैंक **5वीं**।

नोट: टॉम टॉम ट्रैफिक इंडेक्स की वैश्विक शीर्ष 25 सूची के अनुसार 58 देशों के 404 शहरों में दिल्ली और पुणे क्रमश: 11वें और 21वें स्थान पर हैं। हालांकि, 2021 के दौरान दिल्ली में भीड़भाड़ का स्तर 2019 की तुलना में 14% कम था, जबकि रिपोर्ट के अनुसार मुंबई, बेंगलुरु और पुणे में यह स्तर क्रमशः 18%, 32% और 29% कम हुआ है।

37. सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं की श्रेणी में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम **रेलटेल** ने वर्ष 2020-21 के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता हेतु इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) पुरस्कार जीता।

नोट: कंपनी को श्रेणी में विजेता के रूप में चुना गया था। यह पुरस्कार प्रमुख लेखा निकाय इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) द्वारा दिया गया, जो 1958 से इन पुरस्कारों के लिए वार्षिक प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है।

38. **एक्सिस बैंक** सिटीग्रुप इंक के भारत खुदरा बैंकिंग व्यवसाय को एक लेनदेन में खरीदेगा, जिसका मूल्य लगभग 2.5 बिलियन डॉलर हो सकता है।

नोट: उपभोक्ता इकाई के लिए एक समझौते की घोषणा अगले कुछ सप्ताह में की जा सकती है और यह भारतीय रिजर्व बैंक से अनुमोदन पर निर्भर है। इस सौदे में 2 बिलियन डॉलर से कम का नकद घटक शामिल होगा, जो उपभोक्ता व्यवसाय की देनदारियों के लिए लेखांकन है

39. **RBL बैंक** ने अपने 'नियो कलेक्शंस' प्लेटफॉर्म के लिए क्रेडिटस सॉल्यूशंस के साथ साझेदारी की है।

नोट: निजी क्षेत्र के ऋणदाता ऋण चक्र में संग्रह दक्षता बढ़ाने के लिए SaaS-आधारित प्लेटफॉर्म का उपयोग करेंगे। AI और ML तकनीक द्वारा संचालित, प्लेटफॉर्म को ग्राहकों तक व्यक्तिगत रूप से तदनुभूतिक तरीके से पहुंचने और उन्हें ऋण चुकाने के उद्देश्य से प्रेरित करने हेतु कार्यनीतियों के स्वचालन के लिए बनाया गया है।

40. **यस बैंक** ने वार्षिक स्टार्टअप एनेबलर एग्री इन्फिनिटी प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की है।

नोट: यह क्षेत्र में उद्यमशील उपक्रमों को परामर्श देकर खाद्य एवं कृषि पारिस्थितिकी तंत्र के लिए डिजिटल वित्तीय समाधानों का विकास करने का प्रयास करता है। पात्रता मानदंडों को पूरा करने वालों को अपने समाधान विकसित करने और उन्हें कृषि मूल्य श्रृंखला में लागू करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और समर्थन प्राप्त होगा।

41. नाबार्ड ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए 'जीवा' कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके तहत वह प्रति हेक्टेयर **50,000 रुपये** की राशि का निवेश करेगा।

नोट: इसके तहत नाबार्ड 50,000 रुपये प्रति हेक्टेयर का निवेश करेगा। इसे लगभग 11 राज्यों में वाटरशेड और वाडी कार्यक्रम की मौजूदा पूर्ण (या लगभग पूर्ण) परियोजनाओं पर लागू किया जाएगा, जिसमें 5 ऐसे कृषि-पारिस्थितिक क्षेत्र होंगे जो पारिस्थितिक रूप से नाजुक और वर्षा सिंचित क्षेत्र हैं।

42. रिलायंस जियो ने उपग्रह प्रौद्योगिकी का लाभ उठाते हुए भारत में सस्ती ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करने के लिए **SES, लक्जमबर्ग** के साथ एक संयुक्त उद्यम स्थापित किया है।

नोट: संयुक्त उद्यम में जियो प्लेटफॉर्म्स की 51% हिस्सेदारी होगी, जबकि वैश्विक उपग्रह-आधारित कान्टेंट कनेक्टिविटी समाधान प्रदाता SES के पास 49% हिस्सेदारी होगी। अनुबंध का कुल मूल्य लगभग 100 मिलियन डॉलर है।

43. फरवरी 2022 में, देश भर के किसानों और व्यापारियों के बीच संव्यवहार के लिए राष्ट्रीय कृषि बाजार (e-NAM) पोर्टल पर डिजिटल संग्रह एवं निपटान सेवाएं प्रदान करने हेतु लघु किसान कृषि-व्यापार संघ (SFAC) द्वारा **इंडसइंड बैंक** को सूचीबद्ध किया गया है।

नोट: इस व्यवस्था के तहत बैंक कृषि उत्पादों के क्रेता और विक्रेता को मल्टी-नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, NEFT, RTGS, IMPS, और UPI सहित डिजिटल मोड के माध्यम से विभिन्न लेनदेन सेवाएं प्रदान करेगा। जनवरी 2022 तक, 1.7 करोड़ से अधिक किसान और 1.8 लाख से अधिक व्यापारी eNAM पर पंजीकृत हैं और डिजिटल मार्केटप्लेस से लाभान्वित हुए हैं।

44. परिवहन संविदाकारों को निधि प्रदान करने हेतु **करूर वैश्य बैंक** ने डिजिटल फ्रेट फाइनेंस के लिए एंड-टू-एंड लॉजिस्टिक्स टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म का प्रयोग करते हुए चेन्नई स्थित UNANU टेक्नोलॉजीज के साथ समझौता किया है।

नोट: UNANU ने अपने सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म समूह के भीतर फ्रेट फाइनेंसिंग सिस्टम बनाया है। मॉड्यूल "यू-टर्बो - एक मार्केटप्लेस" का उपयोग करके कोई भी लॉजिस्टिक्स कंपनियों और जहाजी माल भेजने वालों को फ्रेट फाइनेंसिंग प्रोग्राम से जोड़ सकता है।

45. सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) ने वित्त वर्ष 2023 के लिए भारत का सकल घरेलू उत्पाद (GDP) अपस्फीतिकारक **3 से 3.5 प्रतिशत** तक रहने का अनुमान लगाया है।

नोट: वित्त वर्ष 2023 के लिए वास्तविक GDP वृद्धि पर सरकार का अपना पूर्वानुमान 7.6-8.1 प्रतिशत है और केंद्रीय बजट में वित्त वर्ष 2023 के लिए अवास्तविक GDP वृद्धि दर 11.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22 में वित्त वर्ष 2023 में 8-8.5 प्रतिशत की वास्तविक GDP वृद्धि दर का अनुमान लगाया गया है। बजट में GDP पूर्वानुमान 'राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय' (NSO) के अग्रिम अनुमानों पर आधारित है।

46. फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (FMCG) कंपनी, **डाबर इंडिया लिमिटेड** भारत की पहली 100% प्लास्टिक वेस्ट न्यूट्रल कंपनी बन गई।

नोट: कंपनी ने यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय उपभोक्ता वस्तु कंपनी होने का दावा किया। डाबर ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में पूरे भारत से लगभग 27,000 मीट्रिक टन प्लास्टिक अपशिष्ट (पोस्ट-कंज्यूमर) का संग्रह, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण किया है। डाबर की प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पहल वर्ष 2017-18 में शुरू की गई थी।

47. **वेदांता** ने भारत में सेमीकंडक्टर्स के निर्माण हेतु एक संयुक्त उद्यम बनाने के लिए ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण कंपनी, हॉन हाई टेक्नोलॉजी ग्रुप (फॉक्सकॉन) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: दोनों कंपनियों के बीच हुए समझौता ज्ञापन के अनुसार, संयुक्त उद्यम में अधिकतर इक्विटी वेदांता के पास होगी, जबकि फॉक्सकॉन अल्प इक्विटी धारक होगी। दोनों कंपनियों के बीच अपनी तरह का यह पहला संयुक्त उद्यम भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण हेतु एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के स्वप्न को साकार करेगा।

48. इंडिगो एयरलाइन ने अपने 6E रिवार्ड्स का-चिंग क्रेडिट कार्डधारकों के लिए **इंडियन ऑयल** के साथ साझेदारी की घोषणा की है, जिसके तहत कार्डधारक ईंधन पर 4 प्रतिशत तक त्वरित रिवार्ड प्वाइंट अर्जित करेंगे।

नोट: साझेदारी के अंतर्गत, का-चिंग कार्डधारक देश भर में 35,000 से अधिक इंडियनऑयल आउटलेट्स पर ईंधन खर्च पर 4 प्रतिशत तक के त्वरित रिवॉर्ड प्वाइंट अर्जित करेंगे। त्वरित आय के साथ, का-चिंग कार्डधारक प्रतिदिन ईंधन खरीद से 6E रिवार्ड के साथ मुफ्त फ्लाइट टिकट अर्जित करेंगे।

49. ऑटोमोबाइल कंपनी, **रेनॉल्ट इंडिया** ने प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान का समर्थन करने के लिए कॉमन सर्विस सेंटर ई-गवर्नेंस सर्विसेज के साथ समझौता किया है।

नोट: इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को कंप्यूटर, लैपटॉप चलाने, इंटरनेट ब्राउज़ करने, सरकारी वेबसाइटों तक पहुंच प्राप्त करने, बैंकिंग सेवा और डिजिटल भुगतान करने के लिए प्रशिक्षण देकर डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम का उद्देश्य 14 से 60 वर्ष के आयु वर्ग के ग्रामीण नागरिकों को सशक्त बनाना है।

50. DMI फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड ने **गूगल पे** डिजिटल वॉलेट के पूर्व- अर्हताप्राप्त उपयोगकर्ताओं को विश्वसनीय ऋण पहुंच प्रदान करने के लिए एक डिजिटल पर्सनल लोन उत्पाद लॉन्च किया है।

नोट: साझेदारी के माध्यम से, DMI फाइनेंस प्रति ऋण 1 लाख रुपये तक वितरित करना चाहती है, जिसे अधिकतम 36 महीनों में चुकाया जा सकता है। उत्पाद को 15,000 से अधिक पिन कोड पर लॉन्च किया जा रहा है। ऋण उत्पाद लॉन्च में DMI फाइनेंस की डिजिटल ऋण वितरण प्रक्रिया का लाभ और गूगल पे का ग्राहक अनुभव शामिल होगा।

51. एलकेपी सिक्योरिटीज लिमिटेड ने **HDFC बैंक** के साथ एक विशेष 3-इन-1 ऑनलाइन खाता प्रदान करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: 3-इन1 खाता बैंक खाते और ट्रेडिंग खाते के बीच त्वरित निधि हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करता है क्योंकि ग्राहकों को अब लंबी सत्यापन प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ता है। ट्रेडिंग, डीमैट और बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया को आसान बनाकर एक कुशल अनुभव प्रदान करना।

52. डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म, **फोनपे** के सहयोग से, नीति आयोग पहली बार ओपन-टू-ऑल हैकथॉन आयोजित करेगा, जिसका उद्देश्य फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र के लिए मार्गदर्शी समाधान प्रदर्शित करना है।

नोट: हैकथॉन पूरे भारत के अन्वेषकों, डिजिटल रचनाकारों और डेवलपर्स को सोचने, विचार करने और कोड करने का अवसर प्रदान करेगा। इसका उद्देश्य फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र के लिए मार्गदर्शी समाधान प्रदर्शित करना है।

53. प्रमुख फसलों के उत्पादन के द्वितीय अग्रिम अनुमान के अनुसार वर्ष 2021-22 में अनुमानित खाद्यान्न उत्पादन **316.06 मिलियन टन** है।

नोट: इसके अलावा, 2021-22 के दौरान उत्पादन पिछले पांच वर्षों (2016-17 से 2020-21) के औसत खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 25.35 मिलियन टन अधिक है। 2021-22 के दौरान चावल का कुल उत्पादन रिकॉर्ड 127.93 मिलियन टन होने का अनुमान है।

54. पूरे भारत में किसानों और व्यापारियों के बीच लेनदेन के लिए e-NAM पोर्टल पर डिजिटल संग्रह और निपटान सेवाओं की सुविधा हेतु SFAC द्वारा **इंडसइंड बैंक** को सूचीबद्ध किया गया है।

नोट: किसानों तथा व्यापारियों को सुरक्षित और परेशानी मुक्त भुगतान, समाशोधन और निपटान सेवाएं प्रदान करने के लिए इंडसइंड बैंक को सीधे e-NAM प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत किया गया है। इस व्यवस्था के तहत, बैंक कृषि उत्पाद के क्रेता और विक्रेता को मल्टी-नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, NEFT, RTGS, IMPS और UPI सहित डिजिटल मोड के माध्यम से कई प्रकार की लेनदेन सेवाएं प्रदान करेगा।

55. वेल्थ टेक कंपनी, फिस्डोम ने **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** के 29 मिलियन से अधिक ग्राहकों को धन प्रबंधन उत्पाद तथा सेवाएं प्रदान करने के लिए किस बैंक के साथ साझेदारी की है।

नोट: यह साझेदारी बैंक की 2,000 से अधिक शाखाओं के नेटवर्क और मोबाइल बैंकिंग ऐप और इंटरनेट बैंकिंग सहित इसके डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से धन संबंधी उत्पाद तथा सेवाएं वितरित करना है। धन प्रबंधन सेवाएं बैंक ग्राहकों के लिए भौतिक और डिजिटल दोनों तरीकों से उपलब्ध कराई जाएंगी।

56. भारत में 4,000 स्थानों पर एकीकृत प्वाइंट ऑफ सेल (PoS) समाधान प्रदान करने के लिए **कोटक महिंद्रा बैंक** ने Ezetap के साथ साझेदारी की है।

नोट: इस पहल से डिजिटल भुगतान बाजार में बैंक की उपस्थिति मजबूत होगी। यह साझेदारी खुदरा उद्यमों और सरकारी ग्राहकों सहित व्यापारी खंड में अपने PoS उत्पाद आधार को बढ़ाने में सक्षम बनाएगी।

57. ट्विटर ने भारत में अपनी 'टिप्स' सुविधा को बेहतर बनाने के लिए **पेटीएम पेमेंट गेटवे** के साथ साझेदारी की है।

नोट: टिप्स सुविधा का उपयोग करके, उपयोगकर्ता ट्विटर पर अपने पसंदीदा कंटेंट निर्माता को भुगतान भेज सकते हैं। टिप्स नवंबर से भारत में 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी ट्विटर उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध है। यह बंगाली, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मराठी और तमिल सहित भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है।

58. **एडलवाइस एसेट मैनेजमेंट** कंपनी ने निवेशकों को एक आसान निवेश अनुभव प्रदान के लिए एक म्यूचुअल फंड मोबाइल ऐप 'ई-इन्वेस्ट' लॉन्च किया है।

नोट: ई-इन्वेस्ट निवेशकों के लिए उपयोग में आसान ऐप है जो उन्हें निवेश का सहज अनुभव प्रदान करता है जहां वे सभी वित्तीय लेनदेन कर सकते हैं और अपने निवेश तक कहीं से भी किसी भी समय त्वरित एवं आसान तरीके से पहुंच प्राप्त कर सकते हैं।

59. भारत के **ट्रांसयूनियन CIBIL** ने एक MSME उपभोक्ता शिक्षा कार्यक्रम शुरू किया है जो छोटे व्यवसायों को ऋण प्रबंधन, CIBIL रैंक और वाणिज्यिक क्रेडिट जानकारी पर जागरूकता प्राप्त करने में मदद करेगा।

नोट: यह उन्हें आसान तथा त्वरित ऋण प्राप्ति हेतु अच्छी क्रेडिट हिस्ट्री और CIBIL रैंक बनाने का तरीका सिखाएगा। यह महाराष्ट्र, असम और त्रिपुरा में MSME समूहों के साथ प्रारंभ होगा।

60. नवीकरणीय ऊर्जा, स्मॉल हाइड्रो और हरित हाइड्रोजन-आधारित व्यवसायों के विकास के लिए NHPC लिमिटेड ने **NHPC रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड नाम से** पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी स्थापित की है।

नोट: नई कंपनी NHPC रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड को कंपनी रजिस्ट्रार, दिल्ली NCT और हरियाणा में पंजीकृत है। सहायक कंपनी अन्य एजेंसियों के सहयोग से नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को या तो स्वचालित मोड में या विशेष प्रयोजनीय साधनों के गठन के माध्यम से विकसित करेगी।

61. **बैंक ऑफ बड़ौदा** और भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (IRCTC) ने एक को-ब्रांडेड कॉन्टेक्टलेस क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया।

नोट: कार्ड नियमित तौर पर आने वाले रेल यात्रियों को अधिकतम बचत प्रदान करता है और कार्ड उपयोगकर्ताओं को किराने का सामान, ईंधन आदि जैसी अन्य श्रेणियों में खरीदारी के कई लाभ भी मिलेंगे। कार्ड सभी ट्रेन टिकट बुकिंग पर ग्राहकों को1% लेनदेन शुल्क छूट प्रदान करता है और भारत में सभी पेट्रोल पंपों पर 1% ईंधन अधिभार छूट प्रदान करता है। ग्राहकों को कार्ड जारी होने के 45 दिनों के भीतर 1,000 रुपये या उससे अधिक की खरीदारी पर1,000 बोनस रिवॉर्ड प्वाइंट प्रदान किए जाएंगे।

62. **बैंक ऑफ बड़ौदा** ने 'सेंट्रल फोर्सेज़सैलरीपैकेज' प्रदान करने के लिए असम राइफल्स के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: समझौते के तहत, बैंक ऑफ बड़ौदा, असम राइफल्स के सेवारत और सेवानिवृत्त दोनों कर्मियों को बड़ौदा सेंट्रल फोर्सेज सैलरी पैकेज प्रदान करेगा। इसके अलावा, बैंक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा और एक को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड सहित विशेष लाभ भी प्रदान करेगा। असम राइफल्स देश का सबसे पुराना अर्धसैनिक बल है।

63. भारत में अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं के संयुक्त विकास की संभावनाओं का पता लगाने के लिए **टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी** ने जर्मनी स्थित आरडब्ल्यूई रिन्यूएबल जीएमबीएच के साथ साझेदारी की है।

नोट: टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड और अपतटीय पवन ऊर्जा में विश्व में अग्रणी कंपनी

आरडब्ल्यूई रिन्यूएबल्स जीएमबीएच के बीच एक संबंधित समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी और आरडब्ल्यूई के बीच समझौता ज्ञापन केंद्र सरकार की 2030 तक 30GW अपतटीय पवन ऊर्जा प्रतिष्ठानों को प्राप्त करने की घोषणा को देखते हुए महत्वपूर्ण हो जाता है।

64. भारत की तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था हेतु अपनी हाई स्पीड वैश्विक नेटवर्क क्षमता को बढ़ाने के लिए दूरसंचार कंपनी, **भारती एयरटेल** SEA-ME-WE-6 अंडरसी केबल कंसोर्टियम में शामिल हुई है।

नोट: 19,200 Rkm SEA-ME-WE-6 सिंगापुर और फ्रांस को जोड़ेगा, और विश्व स्तर पर सबसे बड़े अंडरसी केबल सिस्टम में से एक होगा। SEA-ME-WE-6 के माध्यम से, एयरटेलअपने वैश्विक नेटवर्क में 100 TBpsक्षमता जोड़ेगा। एयरटेल भारत में SEA-ME-WE-6 केबल सिस्टम को मुंबई और चेन्नई में नए लैंडिंग स्टेशनों में रखेगी।

65. इंडिया रेटिंग्स के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 के लिए भारत की अनुमानित GDP विकास दर **8.6 प्रतिशत** है।

नोट: राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन (NSO)ने वर्ष के लिए 9.2 प्रतिशत वास्तविक GDP विकास दर का अनुमान लगाया है। संभावित गिरावट का प्रमुख कारण वित्त वर्ष 2021 के लिए राष्ट्रीय आय के पहले संशोधित अनुमान में वित्त वर्ष 2021 के सकल घरेलू उत्पाद का 135.6 लाख करोड़ रुपये का संशोधन है, जो 31 जनवरी, 2022 को जारी किया गया था।

66. HDFC बैंक ने इंदौर क्लीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के साथ 550 टन / दिन म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट टू कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र(एशिया का सबसे बड़ा बायो-सीएनजी प्लांट) के विकास के लिए सहयोग किया है।

नोट: इंदौर क्लीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (ICEPL) को ग्रीन ग्रोथ इक्विटी फंड (GGEF) द्वारा बढ़ावा दिया गया है, जो NIIF और यूके सरकार जैसे सहायक निवेशकों के साथ भारत में सबसे बड़ा जलवायु प्रभाव कोष है। इससे पहले 19 फरवरी, 2021 को, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने नगरपालिका ठोस अपशिष्ट आधारित गोबर-धन संयंत्र का उद्घाटन किया और इसे इंदौर शहर, मध्य प्रदेश के नागरिकों को समर्पित किया।

67. एडलवाइस जनरल इंश्योरेंस ने भारत में 100 से अधिक स्थानों पर मौजूद तकनीकी अग्रणीNBFC, अश्व फाइनेंसके साथ हाथ मिलाया है, जिससे बाद के व्यवसाय ऋणदाताओं को वित्तीय सुरक्षा प्रदान की जा सके।

नोट: इसके तहत, EGI पूरे भारत में छोटे व्यापार मालिकों तक अश्व फाइनेंस की पहुंच का उपयोग करेगा और उन्हें बेहतर ग्राहक अनुभव के साथ आसान एवं अनुकूल, तकनीक संचालित समाधान प्रदान करेगा। अश्व लघु व्यवसायों और MSME (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों) को समय पर ऋण की पेशकश करेगा जबकि EGI देश भर के सभी प्रमुख शहरों में अश्व फाइनेंस के सभी ग्राहकों को स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करेगा।

68. मेकमाईट्रिप की फिनटेक शाखा, ट्रिपमनी ने रुपये-मूल्यवर्ग का सुरक्षित क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने के लिए **SMB बैंक** के साथ भागीदारी की है।

नोट: "ट्रिपमनी ग्लोबल कार्ड जीरो फॉरेक्स मार्क-अप, आजीवन मुफ्त वैधता और 100 प्रतिशत डिजिटल इन-ऐप कार्ड प्रबंधन सहित कई मूल्य वर्धित लाभ प्रदान करता है। कार्ड वीज़ा द्वारा संचालित है और 150 से अधिक देशों में इसका उपयोग किया जा सकता है।

69. भारतीय रिजर्व बैंक ने **30 सितंबर, 2025** तक NBFC के कुछ वर्ग को अनिवार्य रूप से 'कोर फाइनेंशियल सर्विसेज सॉल्यूशन (CFSS)' लागू करने के लिए कहा है ताकि निर्बाध ग्राहक इंटरफेस प्रदान करने के साथ-साथ एक केंद्रीकृत डेटा बेस प्रदान किया जा सके।

नोट: RBI ने फैसला किया है कि 1 अक्टूबर, 2022 तकNBFC - मिडिल लेयर और NBFC - अपर लेयर और10 अन्य 'फिक्स्ड प्वाइंट सर्विस डिलीवरी यूनिट्स' के लिएCFSS को लागू करना अनिवार्य होगा। CFSS बैंकों द्वारा अपनाए गए कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (CBS) के समान है।

70. मूडीज इन्वेस्टर सर्विसेज के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2022में भारत के लिए अनुमानित सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि पूर्वानुमान **9%** है।

नोट: इसने CY2023 में 5.5 प्रतिशत वृद्धि का पूर्वानुमान बनाए रखा। ग्लोबल मैक्रो आउटलुक 2022-23 पर अपने अपडेट में, मूडीज ने कहा कि बिक्री कर संग्रह, खुदरा गतिविधि और क्रय प्रबंधक सूचकांक ठोस गति का सुझाव देते हैं।

71. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने **IDBI बैंक** के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में राकेश शर्मा की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दी है।

नोट: यह पुनर्नियुक्ति इस संबंध में प्राप्त भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमोदन के अनुसार है। उन्हें पहले अक्टूबर 2018 में बैंक का MD और CEO नियुक्त किया गया था।

72. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) के सहयोग से **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSME) के व्यवसाय संबंधी परिचालन खर्चों को पूरा करने के लिए 'MSME रुपे क्रेडिट कार्ड' लॉन्च किया है।

नोट: यह सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSME) को उनके व्यवसाय से संबंधित परिचालन खर्चों की पूर्तिहेतुपूंजी की सरल एवंडिजिटलपहुंच प्रदान करने के लिए अपनी तरह की पहली पहल है। MSME के लिए यह विशेष कार्ड यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के पात्र उधारकर्ताओं कोमिलेगा।

73. भारत में एयरलाइन उद्योग के लिए पेमेंटप्लेटफॉर्म 'IATAपे' लॉन्च करने हेतु **स्टैंडर्ड चार्टर्ड** बैंक ने इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (IATA) के साथ साझेदारी की है।

नोट: IATAपेजारी होनेसे भागीदारएयरलाइनेंUPI स्कैन एंडपे जैसे तत्काल भुगतान विकल्प प्रदान करने में सक्षम बनेंगी। सेवा यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) का लाभ उठाती है, जिससे उपभोक्ता बैंक खातों से एयरलाइन टिकटों के लिए तत्काल भुगतान कर सकते हैं।

74. गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक सिटी (Gift) में ऑफिस खोलने वाली पहली बहुपक्षीय एजेंसी **न्यूडेवलपमेंट बैंक** है।

नोट: NDB को इसके लिए मंजूरी मिल गई है और मई 2022 में गिफ्टसिटी में ऑफिस खोलेगा। NDB ने भारत क्षेत्रीय कार्यालय के लिए महानिदेशक पद की घोषणा की और भारत में परिचालन के प्रारंभ-कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी होगा।

75. कार्बन उत्सर्जन पर अंकुश लगाने के लिए देश में जैव ईंधन के उत्पादन के प्रोत्साहन हेतु कृषि सहकारी कंपनी NAFED ने **इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (IOC) के** साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

नोट: जैव-ईंधन परियोजनाओं की स्थापना, उत्पादों जैसे मवेशी चारा के उत्तर-प्रसंस्करण के लिए संयंत्र और CBG के अंतिम उत्पादों के विपणन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस परियोजना से क्षेत्र के किसानों, समुदायों और पर्यावरण को लाभ होगा। पीएमविजन 2021 का लक्ष्य2070 तक भारत को 'शुद्ध शून्य उत्सर्जन वाला देश' बनाना है।

76. **पेटीएमपेमेंट्स बैंक लिमिटेड** e-RUPI वाउचर के लिए एक आधिकारिक अधिग्रहण भागीदार बन गया है, जो इसे देश भर में ऑफलाइनस्टोर्स पर पहुंच योग्य बनाता है।

नोट: e-RUPI, जो एक सरकारी पहल है, एक कैशलेसप्रीपेडवाउचर है जिसे लाभार्थी SMS या क्यूआरकोड के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। फिर पेटीएम के मर्चेंटपार्टनरइसे स्कैन करकेभुगतान की राशि दर्ज कर सकते हैं और सीधे अपने बैंक खाते में भुगतान प्राप्त कर सकते हैं। इससे उन लाभार्थियों (उपयोगकर्ताओं) को भी लाभ होगा, जिनके पास डिजिटल भुगतान की सुविधा का लाभ उठाने के लिए औपचारिक बैंकिंग सेवाएं या स्मार्टफोन नहीं है।

77. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने **पीसी फाइनेंसियलसर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड** को जारी किए गए पंजीकरण प्रमाणपत्र को रद्द कर दिया है।

नोट: अबपीसी फाइनेंशियल सर्विसेज एक NBFI (गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान) का कार्य नहीं कर पाएगी। पीसी फाइनेंशियलसर्विसेज मुख्य रूप से 'कैशबीन' नामक ऐप के माध्यम से मोबाइल ऐप-आधारित ऋण प्रदानकरती थी।

श्रद्धांजलियां

1. रूपिंदर सिंह सूरी जिनका हाल ही में निधन हो गया, पेशे से **अधिवक्ता** थे।

   नोट: सूरी को जून 2020 में ASG नियुक्त किया गया था। सूरी को 2009 में वरिष्ठ अधिवक्ता नियुक्त किया गया था और उन्होंने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन और सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया।

2. प्रसिद्ध व्यक्ति अमिताभ दयाल का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **अभिनेता** थे।

   नोट: दयाल ने ओम पुरी के साथ कागार: लाइफ ऑन द एज (2003), भोजपुरी फिल्म रंगदारी (2012) और राज बब्बर की धुआं (2013), अमिताभ बच्चन की विरुद्ध (2005) जैसी फिल्मों में काम किया है।

3. महान पार्श्व गायिका लता मंगेशकर जिनका हाल ही में निधन हो गया, को किस वर्ष देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

   नोट: मंगेशकर ने अपनी किशोरावस्था में गायन प्रारंभ किया, और 73 वर्ष के करियर में 36 भाषाओं में लगभग 15,000 से अधिक गाने गाए। उन्हें 'भारत की स्वर कोकिला' के रूप में जाना जाता है। उन्हें मार्च 2001 में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

4. प्रसिद्ध व्यक्ति चंदूपतला जंगा रेड्डी का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **राजनीतिज्ञ** थे।

   नोट: रेड्डी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए 1984 के आम चुनावों में निर्वाचित भाजपा के केवल दो लोकसभा सांसदों में से एक थे। दूसरे भाजपा सांसद ए.के. पटेल थे, जो गुजरात के मेहसाणा से चुने गए थे।

5. प्रसिद्ध व्यक्ति क्रिस्टोस सरतजेताकिस का हाल ही में निधन हो गया, वह **ग्रीस (यूनान)** के पूर्व राष्ट्रपति थे।

   नोट: ग्रीस के पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टोस सरतजेताकिस का निधन हो गया। सरतजेताकिस, जो पेशे से एक न्यायविद थे, ने 1985 से 1990 तक ग्रीस के राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया।

6. प्रसिद्ध व्यक्ति प्रवीण कुमार सोबती का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **अभिनेता** थे।

   नोट: भीम की भूमिका निभाने के अलावा, जिसने उन्हें घर-घर में प्रसिद्ध कर दिया, कुमार ने अमिताभ बच्चन अभिनीत शहंशाह और धर्मेंद्र की लोहा सहित कई फिल्मों में भी अभिनय किया। उनके नाम पर अन्य फिल्मों में आज का अर्जुन, अजूबा और घायल शामिल हैं।

7. नोबेल पुरस्कार विजेता ल्यूक मॉन्टैग्नियर का हाल ही में निधन हो गया, वह एक प्रसिद्ध **विषाणुविज्ञानी** थे।

   नोट: ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस की उनकी सह-खोज ने एड्स के इलाज के लिए एक वैश्विक खोज को जन्म दिया। पेरिस में पाश्चर इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक ने 2008 में फिजियोलॉजी या मेडिसिन का नोबेल पुरस्कार फ्रेंकोइस बर्रे-सिनौसी और जर्मनी के हेराल्ड ज़ुर हॉसन के साथ साझा किया, जिनके द्वारा सर्वाइकल कैंसर के विषाणुजनित कारणों पर किए गए काम को उसी वर्ष मान्यता दी गई थी।

8. प्रसिद्ध महिला संध्या मुखर्जी का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **गायिका** थी।

   नोट: उन्होंने एस.डी. बर्मन, रोशन और मदन मोहन जैसे प्रसिद्ध संगीतकारों के निर्देशन में गीत गाए। 1970 में जय जयंती (साउंड ऑफ म्यूजिक का एक

बंगाली रीमेक) और निशि पद्मा के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। इस वर्ष उन्होंने पद्म पुरस्कार से इनकार कर दिया।

9. प्रसिद्ध महिला भार्गवी नारायण का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **अभिनेत्री** थी।

नोट: भार्गवी नारायण कन्नड़ फिल्म उद्योग में एक प्रसिद्ध अभिनेत्री थीं। उनका विवाह बेलावादी नंजुन्दैयाह नारायणन से हुआ था, जिन्हें प्यार से मेकअप नानी 10 कहा जाता था।

10. प्रसिद्ध व्यक्ति बप्पी लाहिड़ी का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **संगीतकार** थे।

नोट: डिस्को म्यूजिक को भारत की मुख्यधारा में लोकप्रिय बनाने के लिए प्रसिद्ध गायक को प्यार से बप्पी दा के नाम से जाना जाता था, और उन्हें 1980 एवं 90 के दशक में बड़ी सफलता प्राप्त हुई। उन्होंने 'डिस्को किंग' की उपाधि अर्जित की।

11. प्रसिद्ध व्यक्ति डॉ. चेन्नवीरा कानवी का हाल ही में निधन हो गया, वह **कन्नड़** भाषा के एक प्रमुख लेखक और कवि थे।

नोट: उन्हें 'समन्वय कवि' के नाम से भी जाना जाता था। डॉ. कनावी को उनकी रचना जीव ध्वनि (कविता) के लिए 1981 में साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला।

12. सुरजीत सेनगुप्ता **फुटबॉल** के खेल से संबंधित थे जिनका हाल ही में निधन हो गया।

नोट: सेनगुप्ता कोलकाता के तीन बड़े क्लबों मोहन बागान (1972-1973, 1981-1983), ईस्ट बंगाल (1974- 1979) और मोहम्मडन स्पोर्टिंग (1980) से जुड़े रहे। उन्होंने 1973 से 1979 तक राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया और 1978 एशियाई खेलों के लिए राष्ट्रीय टीम में थे।

13. असम से सम्बंधित 102 वर्षीय गांधीवादी नेता शकुंतला चौधरी का हाल ही में निधन हो गया।

नोट: उन्होंने महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण की दिशा में काम किया। शकुंतला चौधरी ने 1947 से अपने जीवन का एक बड़ा समय कस्तूरबा आश्रम में बिताया। उन्हें भारत सरकार की ओर से वयोशेष्ठ सम्मान - वरिष्ठ नागरिकों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार 2021 प्रदान किया गया।

14. प्रसिद्ध व्यक्ति साधन पांडे का हाल ही में निधन हो गया, वे अनुभवी **राजनीतिज्ञ** थे।

नोट: पांडे ने 1987 के बाद से कोलकाता के बर्टोला विधानसभा क्षेत्र का 5 बार प्रतिनिधित्व किया, जब वे कांग्रेस में थे, और 2011 से 3 बार मानिकतला निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। 1998 में TMC के गठन के बाद वे इसमें शामिल हो गए।

15. प्रसिद्ध व्यक्ति के.पी.ए.सी. ललिथा का हाल ही में निधन हो गया, वह एक प्रसिद्ध **अभिनेत्री** थी।

नोट: उन्होंने लगभग पांच दशकों के अपने करियर में मलयालम और तमिल में 500 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया। उन्होंने मलयालम फिल्म 'अमरम' और 'संथम' में अपने प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता।

16. प्रसिद्ध व्यक्ति हेमानंद बिस्वाल का हाल ही में निधन हो गया, वह **ओडिशा** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री थे।

नोट: वह ओडिशा के पहले जनजातीय मुख्यमंत्री थे। श्री बिस्वाल पहली बार 7 दिसंबर 1989 से 5 मार्च 1990 तक और फिर 6 दिसंबर 1999 से 5 मार्च 2000 तक की अवधि के लिए मुख्यमंत्री चुने गए।

महत्वपूर्ण दिवस

1. NPCI तथा UPI इकोसिस्टम ने UPI सुरक्षा और जागरूकता पहल की घोषणा की है जिसके तहत NPCI और UPI इकोसिस्टम **1 फरवरी से 7 फरवरी तक** UPI सुरक्षा तथा जागरूकता सप्ताह मनाएंगे।

नोट: NPCI और प्रमुख बैंकों तथा फिनटेक वाले इकोसिस्टम में 1 से 7 फरवरी तक UPI सुरक्षा तथा जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। फरवरी का पूरा महीना UPI सुरक्षा एवं जागरुकता माह होगा।

2. फरवरी 2022 में, **भारतीय तटरक्षक बल** भारतीय अर्धसैनिक बल ने अपना 46वां स्थापना दिवस मनाया।

   नोट: 1978 में केवल 7 सतह प्लेटफार्मों से, ICG अपनी फेहरिस्त में 158 जहाजों और 70 विमानों के साथ एक दुर्जेय सैन्य बल के रूप में विकसित हुआ है। यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तटरक्षक बल है।

3. विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2022 का विषय **Wetlands Action for People and Nature** है, जिसे हर वर्ष 2 फरवरी को मनाया जाता है।

   नोट: विश्व आर्द्रभूमि दिवस हर वर्ष 2 फरवरी को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों और हमारे ग्रह में आर्द्रभूमि की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

4. वर्ल्ड इंटरफेथ हार्मनी वीक एक वार्षिक आयोजन है जो हर वर्ष **1 से 7 फरवरी तक मनाया जाता है।**

   नोट: यह कार्यक्रम दुनिया के सभी धर्मों, आस्थाओं और विश्वासों के अनुयायियों के बीच आपसी सम्मान, प्रेम और सहिष्णुता का संदेश फैलाता है। आज के समय में यह सप्ताह विशेष महत्व रखता है क्योंकि मानव जाति को आगे ले जाने के लिए अंतरधार्मिक सद्भाव प्रमुख और आवश्यक है।

5. विश्व कैंसर दिवस 2022 का विषय **Close the Care Gap** है।

   नोट: विश्व कैंसर दिवस हर वर्ष 4 फरवरी को मनाया जाता है। यह अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ (UICC) के नेतृत्व में एक वैश्विक एकीकरण पहल है। कैंसर वैश्विक स्तर पर मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण है।

6. 'अंतर्राष्ट्रीय मानव बंधुत्व दिवस' दुनिया भर में **4 फरवरी को मनाया जाता है।**

   नोट: संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्दिष्ट वार्षिक कार्यक्रम हमारी दुनिया में मौजूद धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता का सम्मान करता है। दुनिया के कुछ हिस्सों में बढ़ती धार्मिक असहिष्णुता के बीच, अंतर्राष्ट्रीय मानव बंधुत्व दिवस यह दिखाने का प्रयास करता है कि कैसे विविध धर्म तथा संस्कृतियां मानव जाति के रूप में हमारे जीवन और प्रगति को समृद्ध करती हैं।

7. महिला जननांग विकृति के लिए अंतर्राष्ट्रीय शून्य सहनशीलता दिवस 2021 का विषय **Accelerating Investment to End Female Genital Mutilation** है।

   नोट: महिला जननांग विकृति (FGM) की प्रथा को समाप्त करने के बारे में जागरूकता फैलाने हेतु 6 फरवरी को महिला जननांग विकृति के लिए अंतर्राष्ट्रीय शून्य सहनशीलता दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र (UN) द्वारा वर्ष 2012 से यह दिवस निर्दिष्ट किया गया।

8. सेफर इंटरनेट डे 2022 का विषय **Together for a better internet** है।

   नोट: सुरक्षित और बेहतर इंटरनेट प्रदान करने के उद्देश्य से हर वर्ष फरवरी के दूसरे सप्ताह के दूसरे दिन सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष 2022 में, सेफर इंटरनेट डे 08 फरवरी 2022 को हुआ।

9. हर वर्ष 10 फरवरी को मनाये जाने वाले विश्व दलहन दिवस 2022 का विषय **Pulses to empower youth in achieving sustainable agri-food systems** है।

   नोट: स्थायी खाद्य उत्पादन के एक भाग के रूप में दालों के पोषण और पर्यावरणीय लाभों के बारे में जन जागरूकता फैलाने के लिए विश्व दलहन दिवस हर वर्ष 10 फरवरी को मनाया जाता है।

10. विशेष रूप से 1 से 19 वर्ष की आयु के बच्चों के प्रति लोगों को कृमिहरण के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए राष्ट्रीय कृमिहरण दिवस **10 फरवरी** को मनाया जाता है।

    नोट: इस दिवस की शुरुआत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 2015 में की गई थी। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य पेट के कीड़ों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और बच्चों में मृदा-संचारित कृमि का पूरी तरह उन्मूलन करना है। दुनिया की लगभग 24% आबादी मृदा संचारित कृमि (कीड़े) से संक्रमित है।

11. विज्ञान में महिलाओं तथा लड़कियों के 7वें अंतर्राष्ट्रीय दिवस 2022 का विषय **Equity, Diversity, and Inclusion: Water Unites Us** है।

    नोट: विज्ञान में महिलाओं तथा लड़कियों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस महिलाओं और लड़कियों के लिए विज्ञान में पूर्ण तथा समान पहुंच और भागीदारी प्राप्त करने हेतु हर वर्ष 11 फरवरी को मनाया जाता है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि महिलाएं न केवल विज्ञान की लाभार्थी हैं बल्कि परिवर्तन कारक भी हैं।

12. "हकीम अजमल खान" की जयंती के उपलक्ष्य में विश्व यूनानी दिवस हर वर्ष **11 फरवरी** को मनाया जाता है।

    नोट: यह दिवस 11 फरवरी को मनाया जाता है, जो भारत में यूनानी चिकित्सा के अग्रणी प्रसिद्ध चिकित्सक हकीम अजमल खान का जन्मदिवस है। इस सम्मेलन का विषय "Diet and Nutrition in Unani Medicine for good health and well-being." है।

13. भारत में राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस हर वर्ष **12 फरवरी** को मनाया जाता है।

    नोट: राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद का उद्देश्य देश के सभी क्षेत्रों में उत्पादकता तथा गुणवत्ता जागरूकता को प्रोत्साहित करना और बढ़ावा देना है। दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य समसामयिक प्रासंगिक विषयों के साथ उत्पादकता साधनों और तकनीकों के कार्यान्वयन में सभी हितधारकों को प्रोत्साहित करना है।

14. विश्व रेडियो दिवस 2022 का विषय **रेडियो और ट्रस्ट** है।

    नोट: इस दिवस की घोषणा यूनेस्को द्वारा 3 नवंबर, 2011 को अपने 36वें सम्मेलन के दौरान की गई थी। इसे 2012 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंगीकृत किया गया था और पहली बार 2013 में मनाया गया था।

15. 13 फरवरी को **सरोजिनी नायडू** की जयंती भारत में राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाई जाती है।

    नोट: वह एक राजनीतिक कार्यकर्ता तथा कवयित्री थीं, जो भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक प्रमुख महिला थीं। उन्हें महात्मा गांधी द्वारा भारत कोकिला या 'नाइटिंगेल ऑफ इंडिया' की उपाधि से सम्मानित किया गया था।

16. अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस हर वर्ष **फरवरी के दूसरे सोमवार (14 फरवरी 2022)** को मनाया जाता है।

    नोट: अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस मिर्गी के बारे में सही तथ्यों और बेहतर उपचार, बेहतर सेवा तथा अनुसंधान में व्यापक निवेश की तत्काल आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने और आम जनता को शिक्षित करने का प्रयास करता है।

17. अंतर्राष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस (ICCD) हर वर्ष **15 फरवरी** को मनाया जाता है।

    नोट: यह दिवस बाल कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाने और कैंसर से पीड़ित बच्चों तथा किशोरों, उत्तरजीवियों और उनके परिवारों के प्रति समर्थन व्यक्त करने के लिए एक वैश्विक सहयोगपूर्ण अभियान है।

18. भारत मृदा स्वास्थ्य कार्ड (SHC) योजना के शुभारंभ के उपलक्ष्य में हर वर्ष मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिवस **19 फरवरी को मनाता** है।

    नोट: 2022 SHC योजना के शुभारंभ का सातवां वर्ष है। इस योजना का उद्देश्य प्रत्येक दो वर्ष में सभी किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 फरवरी 2015 को राजस्थान के सूरतगढ़ में मृदा स्वास्थ्य कार्ड (SHC) योजना का शुभारंभ किया।

19. अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का विषय **Using technology for multilingual learning: Challenges and opportunities** है।

    नोट: भाषाई तथा सांस्कृतिक विविधता के बारे में जागरूकता बढ़ाने और बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिए हर वर्ष 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस (IMLD) मनाया जाता है। 17 नवंबर 1999 को यूनेस्को द्वारा IMLD दिवस की घोषणा की गई थी और औपचारिक रूप से 2002 में संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने इसे मान्यता प्रदान की।

20. विश्व सामाजिक न्याय दिवस 2022 का विषय **Achieving Social Justice through Formal Employment** है।

नोट: सामाजिक रूप से संगठित समाज के निर्माण हेतु सामाजिक अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और निर्धनता, लैंगिक, शारीरिक भेदभाव, अशिक्षा, धार्मिक भेदभाव खत्म करने हेतु अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न समुदायों को एक साथ लाने के लिए 2009 से हर वर्ष 20 फरवरी को विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाया जाता है।

21. सिर से पूंछ तक कठोर शल्क में ढके इस शर्मीले, दुर्ग्राह्य स्तनपायी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व पैंगोलिन दिवस हर वर्ष **फरवरी के तीसरे शनिवार (19 फरवरी 2022)** को मनाया जाता है।

नोट: इस वर्ष दिवस का 11वां संस्करण है। पैंगोलिन को दुनिया के सर्वाधिक तस्करी वाला जंतु माना जाता है। पैंगोलिन की आठ में से दो प्रजातियों को IUCN रेड लिस्ट में 'गंभीर रूप से लुप्तप्राय' जीव के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

22. विश्व चिंतन दिवस हर वर्ष **22 फरवरी** को मनाया जाता है।

नोट: यह दिवस दुनिया भर में साथी भाइयों और बहनों के बारे में सोचने, उनकी चिंताओं को दूर करने और मार्गदर्शन के सही अर्थ को समझने के लिए मनाया जाता है। विश्व चिंतन दिवस 2022 का विषय हमारी दुनिया, हमारा समान भविष्य है।

23. केंद्रीय उत्पाद शुल्क दिवस हर वर्ष पूरे भारत में **24 फरवरी** को मनाया जाता है।

नोट: भारत में, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) भारत में सीमा शुल्क, माल एवं सेवा कर (GST), केंद्रीय उत्पाद शुल्क, सेवा कर और नारकोटिक्स के प्रशासन के लिए उत्तरदायी है।

24. राष्ट्रीय प्रोटीन दिवस 2022 का **Food Futurism** है।

नोट: प्रोटीन की कमी के बारे में जागरूकता फैलाने और लोगों को अपने आहार में इस प्रमुख पोषक तत्व को शामिल करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए भारत में हर वर्ष 27 फरवरी को राष्ट्रीय प्रोटीन दिवस मनाया जाता है। बेहतर पोषण, स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए पर्याप्त प्रोटीन उपभोग के महत्व के बारे में लोगों को शिक्षित करने हेतु राष्ट्रीय स्तर की सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता पहल 'राइट टू प्रोटीन' द्वारा 2020 में पहली बार इस दिवस की शुरुआत की गई थी।

25. विश्व NGO दिवस हर वर्ष मनाया **27 फरवरी को** मनाया जाता है।

नोट: यह गैर-सरकारी और गैर-लाभकारी संगठनों तथा उन लोगों को पहचानने, प्रशंसा करने और उनका सम्मान करने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस है जो समाज को रहने के लिए एक बेहतर स्थान बनाने में अपना समय देते हैं और प्रयास करते हैं।

26. राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर वर्ष **28 फरवरी** को मनाया जाता है।

नोट: इस दिन भारतीय भौतिक विज्ञानी सर सी.वी. रमन ने 'रमन प्रभाव' की खोज की घोषणा की जिसके लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 1986 में, भारत सरकार ने 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में निर्दिष्ट किया। इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का विषय है- Integrated Approach in Science and Technology for Sustainable Future

27. दुर्लभ रोग (रेयर डिसीज़) दिवस प्रत्येक वर्ष **फरवरी के अंतिम दिन (28 फरवरी 2022)** को मनाया जाता है।

नोट: दुर्लभ रोग दिवस (RDD) हर वर्ष फरवरी के अंतिम दिन मनाया जाता है। इस वर्ष 2022 में यह 28 फरवरी, 2022 को हुआ। विषय 2022: "Share Your Colors"

नई नियुक्तियां

1. भारतीय थल सेना के नए उप प्रमुख **मनोज पांडे** हैं।
   नोट: लेफ्टिनेंट जनरल पांडे नई भूमिका संभालने से पहले पूर्वी थलसेना कमांडर थे। लेफ्टिनेंट जनरल आर.पी. कलिता को कोलकाता मुख्यालय वाली पूर्वी थलसेना कमान का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल पांडे को दिसंबर 1982 में बॉम्बे सैपर्स में कमीशन दिया गया था।
2. रक्षा खुफिया एजेंसी का महानिदेशक **जी.ए.वी. रेड्डी को नियुक्त** किया गया है।
   नोट: जनरल रेड्डी लेफ्टिनेंट जनरल के.जे.एस. ढिल्लों की जगह लेंगे। रक्षा खुफिया एजेंसी का महानिदेशक संगठन का प्रमुख होता है और रक्षा मंत्री तथा चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के खुफिया सलाहकारों का प्रमुख होता है।
3. भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (IBBI) का अध्यक्ष **रवि मित्तल को नियुक्त किया गया है।**
   नोट: एम.एस. साहू की सेवानिवृत्ति से रिक्त पद के चार महीने बाद उनकी नियुक्ति हुई, जिन्होंने 30 सितंबर, 2021 को अपना पांच वर्षीय कार्यकाल पूरा किया। अक्टूबर 2021 में, IBBI के पूर्णकालिक सदस्य नवरंग सैनी को अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।
4. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) का अध्यक्ष **एम. जगदीश कुमार को** नियुक्त किया गया है।
   नोट: यह दूसरी बार है जब उन्हें UGC के अध्यक्ष पद का प्रभार दिया गया है। कुमार ने 14 जनवरी 2017 से 2 फरवरी 2017 तक UGC के अध्यक्ष का पदभार संभाला। वह तीन वर्ष (24 जून 2016 से 23 जून 2019) तक UGC के सदस्य रहे।
5. फरवरी 2022 में, गेम्स24x7 द्वारा 'रमीसर्कल' का ब्रांड एंबेसडर **ऋतिक रोशन** को नियुक्त किया गया है।
   नोट: साझेदारी के एक भाग के रूप में, ऋतिक रोशन टीवी, डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाले रमीसर्कल के मल्टीमीडिया अभियानों में दिखाई देंगे।
6. हाल ही में **इंडिगो** एयरलाइन ने राहुल भाटिया को अपना प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है।
   नोट: कंपनी देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की पेरेंट कंपनी है। भाटिया इंटरग्लोब एविएशन के सह-संस्थापक और प्रमोटर हैं। रोनोजॉय दत्ता इंडिगो के CEO हैं। इंडिगो बाजार हिस्सेदारी के आधार पर भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन है। इसका मुख्यालय गुरुग्राम, हरियाणा में है।
7. फरवरी 2022 में, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (JNU) का उप-कुलपति **शांतिश्री धुलीपुड़ी पंडित** को नियुक्त किया गया है।
   नोट: वह वर्तमान में सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय की उप-कुलपति (VC) हैं। सुश्री पंडित JNU की पहली महिला कुलपति होंगी। उनकी नियुक्ति पांच वर्ष की अवधि के लिए हुई है।
8. पांच वर्ष के लिए राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (NCERT) का नया निदेशक **दिनेश प्रसाद सकलानी** को नियुक्त किया गया है।
   नोट: वे वर्तमान में उत्तराखंड में एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय में इतिहास के प्रोफेसर हैं। सकलानी हृषिकेश सेनापति की जगह लेंगे, जिनका पांच वर्षीय कार्यकाल नवंबर 2020 में समाप्त हो गया।
9. बाटा इंडिया लिमिटेड का ब्रांड एंबेसडर **दिशा पटानी** को नियुक्त किया गया है।
   नोट: पटानी बाटा में विभिन्न लोकप्रिय लेबलों का प्रचार करती नजर आएंगीं। बाटा का लक्ष्य युवा खरीदारों को आकर्षित करना और स्वयं को "फैशन फॉरवर्ड" ब्रांड के रूप में स्थापित करना है।
10. बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार को उत्तराखंड राज्य का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है
   नोट: 2017 में अक्षय कुमार को 'स्वच्छता अभियान' के लिए उत्तराखंड का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया था। अभिनेता ने इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया और कहा कि अभियान से जुड़ना उनके लिए सम्मान की बात है। अक्षय कुमार के अलावा क्रिकेटर ऋषभ पंत

को भी दिसंबर 2021 में उत्तराखंड का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया था।

11. विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (VSSC) का नया निदेशक **एस. उन्नीकृष्णन नायर** हैं।

नोट: वह पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र, इसरो के निदेशक के रूप में कार्यरत थे। वह एस. सोमनाथ की जगह लेंगे, जिन्होंने हाल ही में इसरो के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया है। VSSC भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का एक प्रमुख अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र है और उपग्रह कार्यक्रमों के लिए रॉकेट तथा अंतरिक्ष वाहनों में विशेषज्ञता रखता है।

12. भारत के सबसे बड़े डिजिटल हेल्थकेयर प्लेटफॉर्मों में से एक, मेडीबडी का आधिकारिक ब्रांड एंबेसडर **अमिताभ बच्चन को** नियुक्त किया गया है।

नोट: सौदे के एक भाग के रूप में, बच्चन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध विभिन्न सेवाओं का समर्थन करते हुए दिखाई देंगे और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर देंगे। सौदे के साथ, मेडीबडी पूरे भारत में अपनी पहुंच को बढ़ाने पर विचार कर रहा है। विशेष रूप से टियर II और टियर III शहरों में अनुभवी अभिनेता की लोकप्रियता का लाभ उठाते हुए ब्रांड का लक्ष्य स्वयं को घर-घर में मशहूर करना है।

13. वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (DFS) में संजय मल्होत्रा को तत्काल प्रभाव से सचिव नियुक्त किया गया।

नोट: इससे पहले, वह REC लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक थे। उन्होंने देबाशीष पांडा की जगह ली, जिन्होंने 31 जनवरी, 2022 को DFS सचिव के रूप में अपना कार्यकाल पूरा किया। DFS में बैंकों, वित्तीय संस्थानों, बीमा कंपनियों, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली, अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग के कामकाज शामिल हैं।

14. पूंजी बाजार नियामक सेबी द्वारा निवेशक संरक्षण और शिक्षा कोष (IPEF) पर पुनर्गठित आठ सदस्यीय समिति की अध्यक्षता **जी. महालिंगम** करेंगे।

नोट: IPEF पर सलाहकार समिति आठ सदस्यीय समिति है जिसके नए अध्यक्ष सेबी के पूर्व पूर्णकालिक सदस्य जी. महालिंगम होंगे। 2013 में, निवेशक संरक्षण एवं और शिक्षा कोष का सर्वोत्तम उपयोग करने के अर्थोपाय पता लगाने के लिए सेबी द्वारा समिति की स्थापना की गई थी। इससे पहले समिति के अध्यक्ष भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद (IIM-A), गुजरात के पूर्व प्रोफेसर अब्राहम कोशी थे।

15. फाइजर इंडिया का चेयरमैन **प्रदीप शाह को नियुक्त** किया गया है।

नोट: प्रदीप शाह क्रिसिल के पूर्व प्रबंध निदेशक और संस्थापक सदस्य हैं। उन्होंने USAID, विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक के सलाहकार के रूप में भी काम किया है।

16. फ्रैंक-वाल्टर स्टेनमीयर को दूसरे कार्यकाल के जर्मनी का राष्ट्रपति पुनर्नियुक्त किया गया है।

नोट: उन्हें संसद के निम्न सदन के सदस्यों और जर्मनी के 16 राज्यों के प्रतिनिधियों की एक विशेष असेंबली द्वारा भारी बहुमत से चुना गया था। वह 2017 में राष्ट्रपति बने। इससे पहले, उन्होंने चांसलर एंजेला मर्केल के विदेश मंत्री और चांसलर गेरहार्ड श्रोएडर के चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में दो बार कार्य किया।

17. इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया (ICAI) का प्रेसीडेंट **देबाशीष मित्रा** को नियुक्त किया गया है।

नोट: इससे पहले, वह वर्ष 2021-22 हेतु द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के वाइस-प्रेसीडेंट थे। 2016 से 2019 तक केंद्रीय परिषद में रहने के बाद, वह 2019-22 हेतु लगातार दूसरे कार्यकाल में सेवारत हैं।

18. एग्रीटेक प्लेटफॉर्म, कृषि नेटवर्क का ब्रांड एंबेसडर **पंकज त्रिपाठी** को नियुक्त किया गया है।

नोट: अभिनेता ने स्टार्ट-अप में निवेश भी किया है। स्टार्ट-अप ने कहा कि नए फंड का उपयोग एआई-

आधारित प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म का पूरे भारत में विस्तार करने के लिए किया जाएगा।

19. पॉल-हेनरी सैंडाओगो दामिबा को **बुर्किना फासो** का राष्ट्रपति घोषित किया गया है।

नोट: जनवरी के महीने में, दामिबा के नेतृत्व में अधिकारियों ने देश के निर्वाचित राष्ट्रपति रोच मार्क क्रिश्चियन कबोर को बेदखल कर दिया। देश को पश्चिम अफ्रीकी ब्लॉक ECOWAS से निलंबित कर दिया गया है, हालांकि देश पिछले सप्ताह संविधान की बहाली के बाद प्रतिबंधों से बच गया।

20. एयर इंडिया के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक **मेहमत इल्कर आयसी** है।

नोट: संभवत: 1 अप्रैल को या उससे पहले पदभार संभालने जा रहे आयसी (51 वर्षीय) हाल ही में तुर्की एयरलाइंस के अध्यक्ष थे और इससे पहले इसके निदेशक मंडल में भी शामिल थे। 1971 में इस्तांबुल में जन्मे, आयसी कभी इस्तांबुल के मेयर रहने वाले देश के वर्तमान राष्ट्रपति, आर.टी. एर्दोगन के सलाहकार थे।

21. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) का नया अध्यक्ष **विनीत जोशी** को नियुक्त किया गया है।

नोट: उन्होंने IAS मनोज आहूजा की जगह ली, जिन्हें कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में विशेष कार्य अधिकारी (OSD) नियुक्त किया गया है। विनीत जोशी राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) के महानिदेशक भी हैं। 2010 में भी उन्हें CBSE अध्यक्ष का पद सौंपा गया था।

22. भारत का पहला राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा समन्वयक (NMSC) जी. अशोक कुमार को नियुक्त किया गया है।

नोट: जी. अशोक कुमार सैनिक स्कूल, अमरावती नगर और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला, पुणे के पूर्व छात्र हैं। उन्हें 1 जुलाई 1982 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में नियुक्त किया गया था। अशोक कुमार ने तीन दशकों से अधिक समय तक नौसेना में अपने विशिष्ट करियर के दौरान विभिन्न चुनौतीपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

23. आर्थिक विकास संस्थान का निदेशक **चेतन घाटे** को नियुक्त किया गया है।

नोट: वह प्रोफेसर अजीत मिश्रा की जगह लेंगे। श्री घाटे 2016-2020 के बीच भारतीय रिजर्व बैंक की पहली मौद्रिक नीति समिति के पूर्व सदस्य हैं।

24. जेट एयरवेज का मुख्य वित्तीय अधिकारी (CFO) **विपुल गुनाटिलका को नियुक्त** किया गया है।

नोट: उनकी नियुक्ति जेट एयरवेज के नए प्रमोटर जालान कालरॉक कंसोर्टियम द्वारा की गई है। वह जनवरी 2022 तक श्रीलंकाई एयरलाइंस के CEO थे। वह अमीरात प्रबंधन के तहत नवंबर 2015 से जुलाई 2018 तक TAAG अंगोला एयरलाइंस के CFO और बोर्ड सदस्य भी थे।

25. 1 अप्रैल, 2022 से होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (HCIL) का नया अध्यक्ष और सीईओ **ताकुया सुमुरा** को नियुक्त किया गया है।

नोट: वह होंडा के मुख्यालय में काम करते हुए 1997 से 2000 तक भारत सहित दक्षिण एशियाई देशों के प्रभारी थे। वह गाकू नकानिशी की जगह लेंगे, जिन्हें एशियाई होंडा के ऑटोमोबाइल व्यवसाय (क्षेत्रीय कार्यालय-बैंकाक, थाईलैंड) का महाप्रबंधक नियुक्त किया गया है। होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड की स्थापना 1995 में हुई थी।

26. **फिनलैंड** के एमा टेरहो को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) एथलीट आयोग (AC) के अध्यक्ष पद पर पुनर्नियुक्त किया गया है।

नोट: वह दो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता और फिनलैंड महिला आइस हॉकी टीम की पूर्व कप्तान हैं। उन्हें ओलंपिक खेल टोक्यो 2020 के दौरान पहली बार 6 अगस्त, 2021 को आयोग की अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

27. दो वर्ष की अवधि के लिए इंटरनेशनल रबर स्टडी ग्रुप (IRSG) का अध्यक्ष **के.एन. राघवन** को नियुक्त किया गया है।

नोट: राघवन वर्तमान में इंडियन रबर बोर्ड के कार्यकारी निदेशक और IRSG में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख हैं। भारत ने कोटे डी आइवर से IRSG का अध्यक्ष पद ग्रहण किया। IRSG प्राकृतिक रबर (NR) एवं सिंथेटिक रबर (SR) उत्पादक और उपभोग करने वाले देशों का एक अंतर्शासकीय संगठन है।

28. थम्स अप का ब्रांड एंबेसडर **शाहरूख खान** को नियुक्त किया गया है।

नोट: इस महीने की शुरुआत में, कोका-कोला कंपनी ने घोषणा की थी कि घरेलू थम्स अप ब्रांड 2021 में एक बिलियन डॉलर का ब्रांड बन गया है, जो भारत में पेय पदार्थों के अपने पोर्टफोलियो से यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला ब्रांड है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में नया अभियान शुरू किया गया है।

29. संस्कृति मंत्रालय द्वारा केंद्रीय संस्कृति सलाहकार बोर्ड (CABC) का सदस्य **सुधा रगुनाथन** को नियुक्त किया गया है।

नोट: विकासशील कार्यक्रमों पर संस्कृति मंत्रालय को नीतिगत परामर्श प्रदान करने के लिए CABC की स्थापना की गई। CABC के अध्यक्ष भारत सरकार के संस्कृति मंत्री हैं। CABC के सदस्य सहभागी निर्णय लेने में सहायता के साथ-साथ नीतिगत सलाह प्रदान करते हैं और संस्कृति के विभिन्न क्षेत्रों से विभिन्न विचारों और हितों का एक एकीकृत दृष्टिकोण प्रदान करते हैं।

30. **संजीव सान्याल** को प्रधान मंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद (EAC-PM) का पूर्णकालिक सदस्य किन्हें नियुक्त किया गया है।

नोट: सान्याल, जो वर्तमान में वित्त मंत्रालय के प्रमुख आर्थिक सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं, 1990 के दशक से वित्तीय बाजारों के साथ काम कर रहे थे। EAC-PMमें उनके शामिल होने से शीर्ष सलाहकार संस्था को मदद मिलने की उम्मीद है।

31. 31 मार्च, 2022 से FMCG कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (HUL) का गैर-कार्यकारी अध्यक्ष **नितिन परांजपे** को नियुक्त किया गया है।

नोट: FMCG कंपनी ने यूनिलीवर के वर्तमान मुख्य परिचालन अधिकारी नितिन परांजपे को कंपनी का गैर-कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। संजीव मेहता CEO और MDबने रहेंगे।

32. डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के DTH ब्रांड D2H का ब्रांड एंबेसडर **ऋषभ पंत** को नियुक्त किया गया।

नोट:पंत अगले दो वर्षों के लिए D2H के ब्रांड संपर्क में शामिल होंगे। डिश टीवी इंडिया लिमिटेड एक डायरेक्ट-टू-होम (DTH) कंपनी है जिसके स्वामित्व में डिश टीवी, ज़िंग और D2H जैसे ब्रांड हैं।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. सर्विसेज़ ई-हेल्थ असिस्टेंस एंड टेलीकंसल्टेशन (SeHAT) **रक्षा मंत्रालय** द्वारा कार्यान्वित योजना है जिसके तहत दवाओं का घर-घर वितरण शुरू किया गया है।

नोट: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मई 2021 में SeHAT योजना शुरू की थी। SeHAT रक्षा मंत्रालय की ओर से तीनों सेनाओं के लिए टेलीकंसल्टेशन सेवा है जिसे सभी पात्र सैन्य कर्मियों तथा उनके परिवारों के लिए तैयार की गई है।

2. वर्ष 2022-2023 के लिए यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों में नामांकन हेतु ऐतिहासिक स्मारक, **होयसाल मंदिर** का चयन किया गया है।

नोट: 'सेक्रिड एनसेंबल्स ऑफ होयसाल' 15 अप्रैल, 2014 से यूनेस्को की अस्थायी सूची में हैं। होयसल मंदिर मानव रचनात्मक प्रतिभा को दर्शाते हैं और हमारे देश की समृद्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत के साक्षी हैं।

3. भारत के **अरावली जैव विविधता पार्क, गुरुग्राम** को इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) द्वारा भारत का पहला "अदर इफेक्टिव

एरिया-बेस्ड कंजर्वेशन मेसर्स" (OECM) स्थल घोषित किया गया।

नोट: OECM टैग कोई विधिक, वित्तीय या प्रबंधन निहितार्थ नहीं प्रदान करता है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर क्षेत्र को जैव विविधता हॉटस्पॉट निर्दिष्ट करता है। OECM टैग इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) द्वारा उन क्षेत्रों को दिया जाता है जो संरक्षित नहीं हैं लेकिन समृद्ध जैव विविधता का समर्थन करते हैं।

4. सरकार ने भारतीय फुटवियर और चमड़ा विकास कार्यक्रम (IFLDP) को 2021-22 से **31 मार्च 2026** तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है।

नोट: IFLDP को 31 मार्च, 2026 तक या अगली समीक्षा तक, जो भी पहले हो, जारी रखने के लिए कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गई है। कार्यक्रम का उद्देश्य चमड़ा क्षेत्र के लिए बुनियादी ढांचे का विकास करना, चमड़ा क्षेत्र के लिए विशिष्ट पर्यावरणीय संबंधी समस्याओं को दूर करना, अतिरिक्त निवेश की सुविधा प्रदान करना, रोजगार सृजन और उत्पादन में वृद्धि करना है।

5. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **हैदराबाद** में 11वीं शताब्दी के भक्ति संत श्री रामानुजाचार्य की स्मृति में 'स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी' का अनावरण किया।

नोट: प्रतिमा युवाओं को प्रोत्साहित करेगी और ज्ञान, वैराग्य तथा आदर्शों का प्रतीक होगी। प्रधानमंत्री मोदी दोपहर में शहर पहुंचे जहां उन्होंने ICRISAT के 50वें वर्षगांठ समारोह में भी भाग लिया।

6. दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम भारत के जयपुर शहर में बनेगा।

नोट: राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और BCCI अध्यक्ष सौरव गांगुली ने वर्चुअली परियोजना की नींव रखी। यह स्टेडियम जयपुर-दिल्ली बाइपास पर बनाया जा रहा है।

7. भारत के पहले अत्याधुनिक हाई स्पीड रेल प्रॉजेक्ट के लिए मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन मार्ग के बीच तैयार होने वाला पहला स्टेशन **सूरत** है।

नोट: MAHSR कॉरिडोर में कुल 12 स्टेशन आएंगे- सूरत, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद, साबरमती, बिलिमोरा, भरूच, मुंबई, ठाणे, विरार, बोइसर, वापी स्टेशन। एक बार मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना तैयार हो जाने के बाद, मुंबई और अहमदाबाद के बीच यात्रा का समय 2.07 घंटे (सीमित स्टॉप), 2.58 घंटे (स्टेशनों पर स्टॉप) होगी जबकि मौजूदा ट्रेन यात्रा अवधि सात-आठ घंटे है।

8. प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन विशेष रूप से चिह्नित 10 राज्यों में **17,788** ग्रामीण स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों को सहायता प्रदान करेगा।

नोट: प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन जिसे पहले प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना के नाम से जाना जाता था, देश भर में स्वास्थ्य सेवा अवसंरचना को मजबूत करने के लिए एक सबसे बड़ी अखिल भारतीय योजना है। वर्ष 2025-26 तक छह वर्षों में 64 हजार 180 करोड़ रुपये के खर्च के साथ पिछले वर्ष 1 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2021-22 के बजट भाषण में इस योजना की घोषणा की गई थी।

9. **IIM, अहमदाबाद** नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड लिमिटेड (NIIF) के सहयोग से ESG में देश की पहली अनुसंधान पीठ स्थापित करेगा।

नोट: IIMA में ESG में नवगठित 'NIIF पीठ' IIMA में अरुण दुग्गल ईएसजी सेंटर फॉर रिसर्च एंड इनोवेशन के साथ मिलकर काम करेगा। यह ज्ञान तथा अंतर्दृष्टि के प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करेगा जो व्यवसाय तथा नीति निर्माताओं को अपने दीर्घकालिक व्यापार एवं संचालन निर्णयों में ESG सिद्धांतों को शामिल करने की अनुमति देता है।

10. केंद्र सरकार ने "राष्ट्रीय युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम (RYSK)" योजना को अगले **पांच वर्षों** के लिए जारी रखने का निर्णय लिया है।

नोट: युवाओं के व्यक्तित्व एवं नेतृत्व के गुणों को विकसित करने और उन्हें राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में शामिल करने के उद्देश्यों की प्राप्ति के

उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया। भारत सरकार ने 15वें वित्त आयोग चक्र (2021-22 से 2025-26) के दौरान 1,627 करोड़ रुपये के खर्च पर NSS (राष्ट्रीय सेवा योजना) को भी जारी रखने का निर्णय लिया। NSS देश भर के सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में लागू की गई है।

11. 'स्नोग्लू' नामक एक इग्लू कैफे, जो अपनी तरह का दुनिया का सबसे बड़ा कैफे होने का दावा करता है, **जम्मू और कश्मीर में** खोला गया।

नोट: गुलमर्ग के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट में कैफे स्थापित किया गया है। इग्लू के निर्माता सैयद वसीम शाह ने इस संरचना के अपनी तरह का दुनिया का सबसे बड़ा कैफे होने का दावा किया।

12. नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित किए जा रहे आसियान-भारत नवीकरणीय ऊर्जा उच्च स्तरीय सम्मेलन का विषय **Experience and Innovations for Integrated Renewables Market** है।

नोट: उच्च स्तरीय सम्मेलन "Experience and Innovations for Integrated Renewables Market" विषय पर केंद्रित था। आसियान-भारत उच्च-स्तरीय सम्मेलन में पांच तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जो पारस्परिक हित के विषयों पर भारत और आसियान के विशेषज्ञों के बीच समस्तरीय चर्चा की सुविधा प्रदान करेंगे।

13. यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (USAID) ने भारत में स्वास्थ्य नवाचार तथा उद्यमिता में तेजी लाने के लिए SAMRIDH योजना के तहत **नीति आयोग** के साथ साझेदारी की।

नोट: इस पहल का उद्देश्य टियर-2 तथा टियर-3 शहरों और ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में कमजोर आबादी के लिए सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच में सुधार करना है। इस साझेदारी के तहत, AIM और SAMRIDH ने भारत में स्वास्थ्य सेवा अन्वेषकों और उद्यमियों के लिए अनुरोध प्रस्ताव की घोषणा की है।

14. राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली (NSWS) के साथ एकीकृत होने वाला पहला केंद्र शासित प्रदेश **जम्मू और कश्मीर** है।

नोट: राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली (NSWS) सितंबर 2021 में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा शुरू की गई थी। यह एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो निवेशकों को उनकी व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुसार अनुमोदन हेतु पहचान और आवेदन करने के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है।

15. प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (PMKSY) को **मार्च 2026** तक विस्तारित किया गया है।

नोट: PMKSY एक व्यापक पैकेज है जो फार्म स्थल से रिटेल आउटलेट तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे का निर्माण करेगा। यह योजना न केवल खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देगी बल्कि किसानों को बेहतर मूल्य प्रदान करने और रोजगार के बड़े अवसर सृजित करने में भी मदद करेगी।

16. 'प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना (PMKSY)' को **4,600 करोड़ रुपये** राशि के आवंटन के साथ मार्च 2026 तक विस्तारित किया गया है।

नोट: PMKSY एक व्यापक पैकेज है जो फार्म स्थल से रिटेल आउटलेट तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे का निर्माण करेगा। यह योजना न केवल खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देगी बल्कि किसानों को बेहतर मूल्य प्रदान करने और रोजगार के बड़े अवसर सृजित करने में भी मदद करेगी।

17. टेलीकॉम इक्विपमेंट एंड सर्विसेज एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ने 'इंडिया टेलीकॉम 2022 नामक एक्सक्लूसिव इंटरनेशनल बिजनेस एक्सपो का आयोजन किया।

नोट: यह 8 से 10 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। उद्देश्य: भारतीय दूरसंचार हितधारकों को योग्य विदेशी खरीदारों से भेंट करने का अवसर प्रदान करना। यह विभिन्न देशों में वाणिज्य विभाग की मार्केट एक्सेस इनिशिएटिव स्कीम (MAI) के तहत और दूरसंचार विभाग एवं भारतीय मिशनों के समर्थन से आयोजित किया जाएगा।

18. आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, अमेजन पर आयुर्वेदिक उत्पादों के लिए एक अलग स्टोरफ्रंट का शुभारंभ किया।

नोट: आयुर्वेद उत्पाद का यह स्टोरफ्रंट अद्वितीय आयुर्वेद उत्पादों जैसे स्किनकेयर सप्लीमेंट, इम्यूनिटी बूस्टर, तेल, जूस और लघु व्यवसायों तथा स्टार्टअप ब्रांडों के अन्य उत्पादों की दृश्यता को बढ़ाएगा। यह खरीदारी को आसान बना देगा क्योंकि उत्पाद चयन मुख्य क्षेत्रों और स्वास्थ्य लाभ जैसे पेन मैनेजमेंट, इम्यूनिटी बूस्टर आदि के अनुसार किया गया है।

19. अटल टनल को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा आधिकारिक तौर पर '10,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर दुनिया की सबसे लंबी राजमार्ग सुरंग' के रूप में प्रमाणित किया गया है, सुरंग की लंबाई **9.02** किमी है।

नोट: अटल टनल 3 अक्टूबर, 2020 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र को समर्पित की गई थी। रोहतांग दर्रे के नीचे 9.02 किमी लंबी, सामरिक रूप से महत्वपूर्ण, अटल टनल का निर्माण मनाली-लेह राजमार्ग पर अत्यंत दुर्गम क्षेत्र में जमा देने वाले तापमान की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में किया गया था।

20. डेलॉइट ग्लोबल द्वारा जारी 'वीमेन इन द बोर्डरूम रिपोर्ट' के अनुसार, 2021 में भारत में बोर्ड सीटों पर महिला प्रतिनिधित्व का प्रतिशत **17.1 प्रतिशत** है।

नोट: हालांकि, बोर्ड चेयर में केवल 3.6 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो 2018 से 0.9 प्रतिशत कम हुआ है। ऑस्ट्रिया, कनाडा, आयरलैंड, इटली, पोलैंड, पुर्तगाल, स्पेन, यूके और अमेरिका में बोर्ड चेयर में महिलाओं की संख्या में सर्वाधिक वृद्धि देखी गई है।

21. 2021 में लीडरशिप इन एनर्जी एंड एनवायर्नमेंटल डिजाइन (LEED) के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएस) के बाहर शीर्ष 10 देशों की 9वीं वार्षिक रैंकिंग जिसे यूएस ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (USGBC) द्वारा जारी किया गया, में भारत की **तीसरी** रैंक है।

नोट: 2021 में प्रमाणित 1,077 LEED परियोजनाओं के साथ चीन शीर्ष पर है, इसके बाद कनाडा 205 परियोजनाओं के साथ दूसरे स्थान पर है। यह रैंकिंग अमेरिका के बाहर ऐसे देशों और क्षेत्रों को विशिष्ट रूप से दर्शाती है जो स्वस्थ, दीर्घकालिक और लचीले भवन अभिकल्प, निर्माण और परिचालन में अच्छा काम कर रहे हैं।

22. केंद्र सरकार ने **26,275 करोड़ रुपये** के वित्तीय खर्च के साथ 2025-26 तक की मेगा पुलिस आधुनिकीकरण योजना को पांच वर्ष के लिए जारी रखने की मंजूरी दे दी है।

नोट: योजना का कुल वित्तीय खर्च 26,275 करोड़ रुपये होगा। यह योजना 1969-70 से गृह मंत्रालय (MHA) द्वारा कार्यान्वित की जा रही है। इस योजना में सभी प्रासंगिक उप-योजनाएं शामिल हैं जो आधुनिकीकरण और सुधार में योगदान देती हैं।

23. इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट के डेमोक्रेसी इंडेक्स 2021 में भारत की रैंक **46वीं** है।

नोट: रिपोर्ट में 165 देशों में लोकतंत्र की स्थिति वर्णित है। रिपोर्ट को पांच मापदंडों जैसे सरकार के कामकाज, चुनावी प्रक्रिया तथा बहुलवाद, राजनीतिक भागीदारी, नागरिक स्वतंत्रता और राजनीतिक संस्कृति के आधार पर तैयार किया गया था।

24. डॉक्यूमेंट्री, शॉर्ट फिक्शन और एनिमेशन फिल्मों के लिए हाल ही में हुए मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (MIFF-2022) का **17वां** संस्करण आयोजित किया गया था।

नोट: 1 सितंबर, 2019 से 31 दिसंबर, 2021 के बीच पूरी हुई फिल्में MIFF-2022 में प्रविष्टि की पात्र हैं। यह 1990 से महाराष्ट्र सरकार के समर्थन से फिल्म डिवीजन, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

25. भारत वर्ष **2024** तक कृषि में डीजल का उपयोग बंद कर देगा और जीवाश्म ईंधन को नवीकरणीय ऊर्जा से प्रतिस्थापित कर देगा।

नोट: इसके लिए राज्यों को निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु कार्य योजना विकसित करनी चाहिए और ऊर्जा दक्षता तथा संरक्षण के लिए समर्पित विशिष्ट एजेंसी विकसित करना चाहिए। यह पहल 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन की हिस्सेदारी बढ़ाने और 2070 तक शून्य उत्सर्जक बनने की सरकार की प्रतिबद्धता का एक भाग है।

26. कामेंग सेक्टर **अरुणाचल प्रदेश** में स्थित है, जहां एक हिमस्खलन में सेना के सात जवानों की मौत हो गई।

नोट: सभी सात जवानों को बाद में मृत पाया गया। यह क्षेत्र 14,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और पिछले कुछ दिनों से यहां भारी बर्फबारी हो रही है। सेना ने 2019 में सियाचिन ग्लेशियर में हिमस्खलन से छह जवानों और देश के अन्य हिस्सों में 11 अन्य जवानों को खो दिया था।

27. केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा शुरू की गई हैकाथॉन पॉवरथॉन-2022 की नोडल एजेंसी **REC**।

नोट: केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह ने गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के लिए तकनीक-संचालित समाधान खोजने हेतु पॉवरथॉन-2022 नामक एक हैकथॉन शुरू किया। इसे RDSS (रीवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) के तहत लॉन्च किया गया है। नए विचारों और अवधारणाओं को लाइसेंस प्रदान किया जाएगा।

28. भारतीय रेलवे कुश्ती को एक खेल के रूप में समर्थन प्रदान करने के लिए **दिल्ली** में देश की सबसे बड़ी और विश्व स्तरीय कुश्ती अकादमी स्थापित कर रहा है।

नोट: यह अकादमी उन्नत प्रशिक्षण सुविधाओं वाली देश की सबसे बड़ी अकादमी होगी। दिल्ली में निर्माणाधीन खेल अकादमी विशेष रूप से कुश्ती के लिए होगी और आने वाले वर्षों में पहलवानों को अपना कौशल बढ़ाने और 'विश्व चैंपियन' बनने के अवसर प्रदान करेगी।

29. **नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB)** ने डार्कनेट बाजारों की गुमनामी सामने लाने हेतु प्रभावी समाधान खोजने के लिए 15 फरवरी से 22 अप्रैल तक एक हैकथॉन डार्कथॉन-2022 का आयोजन किया।

नोट: इस पहल का उद्देश्य डार्कनेट बाजारों की गुमनामी सामने लाने हेतु प्रभावी समाधान खोजने के लिए छात्रों, युवाओं और तकनीकी विशेषज्ञों को शामिल करना। यह हैकथॉन तीन चरणों में आयोजित की जा रही है और 22 अप्रैल को समाप्त होगी।

30. 'रीइमेजिनिंग म्यूज़ियम इन इंडिया' पर अपनी तरह का पहला दो दिवसीय वैश्विक शिखर सम्मेलन **हैदराबाद** में आयोजित किया गया।

नोट: देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने अपने लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास के उपलक्ष्य में अपनी तरह का पहला शिखर सम्मेलन आयोजित किया। शिखर सम्मेलन के एक भाग के रूप में भावी पीढ़ियों को शिक्षित करने के अवसर पर देश और विदेश के हजार से अधिक संग्रहालयों ने सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया है।

31. G20 भारत शिखर सम्मेलन 2023 की तैयारियों की निगरानी के लिए गठित G20 सचिवालय की शीर्ष समिति का प्रमुख **प्रधान मंत्री** होगा।

नोट: G20 सचिवालय प्रधान मंत्री की अध्यक्षता वाली एक शीर्ष समिति द्वारा निर्देशित होगा और इसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे। वित्त मंत्री, गृह मंत्री, विदेश मंत्री और G20 शेरपा (पीयूष गोयल) समिति के सदस्य होंगे।

32. शिक्षा मंत्रालय (MoE) ने एक नई योजना "नव भारत साक्षरता कार्यक्रम" को 2022 से **2027** तक लागू करने की मंजूरी दी।\

नोट: मंत्रालय ने "प्रौढ़ शिक्षा" के बजाय "सभी को शिक्षा" का उपयोग करने का भी निर्णय लिया है क्योंकि पिछला शब्द 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के सभी निरक्षर लोगों का उचित प्रतिनिधित्व नहीं करता था। योजना को ऑनलाइन मोड में स्वयंसेवा के माध्यम से लागू किया जाएगा।

33. शिक्षा मंत्रालय (MoE) ने एक नई योजना "नव भारत साक्षरता कार्यक्रम" को मंजूरी दी, जिसके तहत "प्रौढ़ शिक्षा" शब्द को **सभी को शिक्षा** से प्रतिस्थापित किया जाएगा।

नोट: इस योजना में देश के 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के निरक्षर लोग शामिल होंगे। अब, सरकार ने देश में "वयस्क शिक्षा (प्रौढ़ शिक्षा)" शब्द को 'सभी को शिक्षा' से प्रतिस्थापित किया है। इसे ऑनलाइन मोड में स्वयंसेवा के माध्यम से लागू किया जाएगा।

34. केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने **मुंबई** में बहुप्रतीक्षित वाटर टैक्सी सेवा का अनावरण किया।

नोट: इस पहल से शहर में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ यातायात भीड़ को कम करने में मदद मिलेगी। वाटर टैक्सी सेवाओं से मुंबई और नवी मुंबई के बीच आवागमन समय लगभग 45 मिनट से एक घंटे तक कम होने की उम्मीद है।

35. **विश्व स्वास्थ्य संगठन** ने सभी रूपों में लोगों को तंबाकू का सेवन छोड़ने में मदद करने के लिए 'क्विट टोबैको ऐप' लॉन्च किया।

नोट: 'WHO क्विट टोबैको ऐप' WHO दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र की नवीनतम तंबाकू नियंत्रण पहल है। इसे WHO के वर्ष भर चलने वाले 'कमिट टू क्विट' अभियान के दौरान लॉन्च किया गया था।

36. उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (USBRL) परियोजना के कटरा-बनिहाल सेक्शन के सुंबर और अर्पिंचला स्टेशन के बीच भारतीय रेलवे की सबसे लंबी सुरंग T-49 की लंबाई **12.758 किमी** है जिसे सफलतापूर्वक लिंक किया गया।

नोट: इसका निर्माण कटरा-बनिहाल सेक्शन USBRL के सुंबर और अर्पिंचला स्टेशन के बीच किया गया है। यह भारतीय रेल की सबसे लंबी सुरंग है। T49 12.758 किमी लंबी सुरंग है और यह भारतीय रेलवे की सबसे लंबी सुरंग होगी।

37. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (MoSJE) द्वारा शुरू की गई स्कीम फॉर इकोनॉमिक एम्पावरमेंट ऑफ DNT/NT/SNTs (SEED) योजना का व्यय **200 करोड़ रुपये** है।

नोट: यह सबसे वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर भारतीय समुदायों जैसे गैर-अधिसूचित जनजातियां (DNTs), यायावरी जनजातियां (NTs) और अर्ध यायावरी जनजातियां (SNTs) के सशक्तिकरण तथा कल्याण के लिए एक छत्र योजना है। इसे उनकी आजीविका को प्रभावित करने वाले चार घटकों के साथ तैयार किया गया है। इसका परिव्यय ~200 करोड़ रुपये है जो 2021-22 से 2025-26 तक पांच वर्षों में खर्च किया जाएगा।

38. आजादी का अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में राष्ट्रपति बेड़े की समीक्षा का 12वां संस्करण **विशाखापत्तनम** में आयोजित किया गया।

नोट: आजादी का अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में राष्ट्रपति बेड़े की समीक्षा का 12वां संस्करण विशाखापत्तनम में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद थे।

39. **एन. आर. नारायण मूर्ति** की अध्यक्षता में सेबी ने अपनी वैकल्पिक निवेश नीति सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया है, जो AIF क्षेत्र के विकास को प्रभावित करने वाले कई मुद्दों पर पूंजी बाजार नियामक को सलाह देती है।

नोट: समिति के अध्यक्ष: एन.आर. नारायण मूर्ति। यह पूंजी बाजार नियामक को कई मुद्दों पर परामर्श देगा जो आगे AIF (वैकल्पिक निवेश कोष) उद्योग के विकास को प्रभावित करता है। इससे पहले मार्च 2015 में गठित समिति में 22 सदस्य थे।

40. इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज (IIPS) **मुंबई** में स्थित है, जहां हाल ही में दो नए केंद्रों 'सेंटर

ऑफ डेमोग्राफी ऑफ जेंडर' और 'सेंटर फॉर एजिंग स्टडीज' का उद्घाटन किया गया।

नोट: यहां दो नए विभागों और दो नए अनुसंधान केंद्रों का उद्घाटन केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती पवार ने किया। नए विभाग 'सर्वेक्षण अनुसंधान एवं डेटा विश्लेषिकी विभाग' और 'परिवार एवं पीढ़ी विभाग' हैं।

41. स्वास्थ्य क्षेत्र में देश के शैक्षणिक संस्थानों को बेहतर बनाने के लिए **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय** ने चिंतन शिविर 'हील बाय इंडिया' का आयोजन किया।

नोट: केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दो दिनों के लिए चिंतन शिविर - 'हील बाय इंडिया' का आयोजन किया। हील बाय इंडिया पहल: स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत के प्रशिक्षित पेशेवरों हेतु विदेशों में नौकरी के अवसर उत्पन्न करना और स्वास्थ्य में गुणवत्तापूर्ण मानव संसाधनों का निर्माण करने के लिए शिक्षा को बढ़ाना, जिससे उन्हें दुनिया में कहीं भी काम करने के योग्य बनाकर उनकी मदद की जा सके।

42. उड़ान 3.0 के तहत **स्पाइसजेट** एयरलाइन कंपनी को दिल्ली-खजुराहो-दिल्ली मार्ग प्रदान किया गया।

नोट: इससे UDAN-RCS (उड़े देश का आम नागरिक-क्षेत्रीय संपर्क योजना) के तहत 405 मार्गों का संचालन किया जाएगा। उड़ान 3.0 के तहत स्पाइसजेट एयरलाइन को दिल्ली-खजुराहो-दिल्ली मार्ग प्रदान किया गया था।

43. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 550 टन क्षमता वाले 'गोबर-धन' जैव-CNG संयंत्र का उद्घाटन **इंदौर** शहर में किया गया।

नोट: यह अपशिष्ट से संपत्ति नवाचार की अवधारणा पर आधारित है। नगरपालिका ठोस अपशिष्ट आधारित गोबर-धन संयंत्र स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत "कचरा मुक्त शहर" बनाने के प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

44. केंद्र सरकार ने **प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY)** योजना के तहत घर-घर वितरण अभियान 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' शुरू की गई है।

नोट: घर-घर अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अपनी पॉलिसी, भू-अभिलेखों, क्लेम की प्रक्रिया और शिकायत निवारण के बारे में सभी जानकारी से अवगत हों। आगामी खरीफ फसल में सभी राज्यों में अभियान शुरू किया जाएगा।

45. फरवरी 2022 में, भारत ने **UAE** के साथ एक व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (CEPA) पर हस्ताक्षर किए।

नोट: इसमें माल, सेवाओं और डिजिटल व्यापार इत्यादि को शामिल किया जाएगा, जिससे देश का 90% निर्यात अमीरात में शुल्क मुक्त पहुंचेगा। द्विपक्षीय व्यापार समझौता इस क्षेत्र में भारत का पहला और एक दशक में किसी भी देश के साथ पहला व्यापक व्यापार समझौता है। अमेरिका और चीन के बाद UAE भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।

46. सरकार ने राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) योजना को **2026 तक** जारी रखने की मंजूरी दी।

नोट: प्रस्ताव के लिए 12929.16 करोड़ रुपये की आवश्यकता है, जिसमें केंद्र का हिस्सा 8120.97 करोड़ रुपये और राज्य का हिस्सा 4808.19 करोड़ रुपये है। योजना के नए चरण के तहत लगभग 1600 परियोजनाओं को समर्थन देने की परिकल्पना की गई है।

47. भारत की पहली जैव सुरक्षा स्तर -3 नियंत्रण मोबाइल प्रयोगशाला **नासिक, महाराष्ट्र** पर शुरू की गई।

नोट: नए उभरते और पुन: उभरते विषाणुजनित संक्रमणों की जांच के लिए मोबाइल प्रयोगशाला स्थापित की गई है जो अत्यधिक संक्रामक हैं और मनुष्यों के लिए घातक हैं। प्रयोगशाला को भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा मुंबई स्थित जैव-सुरक्षा उपकरण निर्माता क्लेनज़ाइड्स के सहयोग से डिजाइन और निर्मित किया गया है।

48. "वंदेभारतम" के लिए सिग्नेचर ट्यून की रचना **रिकी केज और बिक्रमघोष** ने की है जिसे संस्कृति एवं विदेश राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी द्वारा जारी किया गया।

नोट: यह ट्यून ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिकी केज और ऑस्कर दावेदार बिक्रम घोष द्वारा रचित है। यह गणतंत्र दिवस समारोह 2022 के लिए राजपथ, नई दिल्ली में हुए संस्कृति मंत्रालय के वंदेभारतमनृत्य उत्सव के लिए तैयार की गई थी।

49. **1,827 करोड़ रुपये** वित्तीय खर्च के साथ केंद्र ने केंद्रीय क्षेत्र की नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम (NMMSS) को 2021-22 से 2025-26 तक पांच वर्ष की अवधि के लिए जारी रखने की मंजूरी दी।

नोट: योजना के लिए वित्तीय खर्च: 1,827 करोड़ रुपये। योजना के लिए आय सीमा 1.5 लाख रुपये प्रति वर्ष से बढ़ाकर 3.5 लाख रुपये प्रति वर्ष कर दी गई है।

50. 'किसान ड्रोन यात्रा' जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअली किया था, का आयोजन **मानेसर** में किया गया।

नोट: प्रधान मंत्री ने इसे भारतीय कृषि के लिए "मील का पत्थर" बताया। केंद्रीय बजट 2022-23 में प्रस्तावों सहित हालिया नीतिगत छूटों और प्रोत्साहनों ने ड्रोन, या मानव रहित वायुयानों के व्यावसायिक उपयोग के लिए भारत के विशाल कृषि क्षेत्र को खोल दिया है।

51. शिक्षा मंत्रालय (MoE) ने नेशनल मीन्स-कम-मेरिटस्कॉलरशिपस्कीम(NMMSS) को **2025-26 तक** जारी रखने की मंजूरी दी।

नोट: पात्रता मानदंड में मामूली बदलाव किए गए हैं जैसे आय सीमा को 1.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 3.5 लाख रुपये प्रति वर्ष करना। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी छात्रों को 8वीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ने से रोकना और माध्यमिक स्तर पर शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु छात्रवृत्ति प्रदान करना है।

52. केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग और आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने **विशाखापत्तनम** पर निकर्षण सदन - ड्रेजिंग म्यूजियम का उद्घाटन किया।

नोट: इसने वाइजेग के पूर्वी बंदरगाह शहर से विभिन्न प्रकार के ड्रेजर, पुरानी तस्वीरें और इस निकर्षणजहाजों की ऐतिहासिक उपलब्धियों के मॉडल प्रदर्शित किए। उन्होंने विशाखापत्तनम में कौशल विकास केंद्र - सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन मैरीटाइम एंड शिपबिल्डिंग (CEMS) का भी उद्घाटन किया, जिससे रोजगार में सुधार हुआ।

53. **विश्व आर्थिक मंच (WEF)** ने सस्टेनेबलसिटीज इंडिया प्रोग्राम को लागू करने के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बनअफेयर्स (NIUA) के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।

नोट: 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने के लिए ग्लासगो में COP26 समिट में भारत की प्रतिबद्धता की पृष्ठभूमि से साझेदारी को महत्व मिलता है। 'सस्टेनेबल सिटीज इंडिया' का उद्देश्य शहरों को व्यवस्थित तथा संधारणीय तरीके से विकार्बनीकृत करने में सक्षम बनाना है जो उत्सर्जन को कम करेगा और लचीला एवं न्यायसंगत शहरी पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करेगा।

54. इंटरनेशनल बिजनेस मशीन्स कार्प (IBM) ने एशिया प्रशांत (APAC) क्षेत्र में अपने ग्राहकों की समस्याओं को दूर करने के लिए **बेंगलुरु** में एक साइबर सुरक्षा केंद्र शुरू किया गया है।

नोट: सुरक्षा केंद्र विश्व स्तर पर केवल दो केंद्रों में से एक होगा। दूसरा अमेरिका में है। 2022 के लिए IBM वैश्विक विश्लेषण रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया साइबर हमलों की दृष्टि से सर्वाधिक नियोजित क्षेत्र बन गया, जो 2021 के विश्लेषण के अनुसार26% हमलों को दर्शाता है।

55. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL) के साथ भारतीय रेलवे ने **बीना, मध्य प्रदेश** में 1.7-मेगावाट के भारत के पहले सौर फोटोवोल्टिक संयंत्र को सफलतापूर्वक चालू किया।

नोट: यह संयंत्र भारतीय रेलवे की कर्षण प्रणालियों को सीधे विद्युत आपूर्ति करेगा। सौर ऊर्जा संयंत्र बनाने का कदम तब उठाया गया जब भारतीय रेलवे ने नवीकरणीय ऊर्जा (RE) परियोजनाओं के लिए अपनी खाली भूमि का उपयोग करके अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर होने और रेलवे स्टेशनों का सौरीकरण करने का निर्णय लिया। रेल मंत्रालय ने अपनी खाली पड़ी भूमि पर बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का निर्णय लिया है।

56. केंद्र सरकार ने हाल ही में **मनरेगा** के लिए एक लोकपाल ऐप लॉन्च किया है।

नोट: यह परेशानी मुक्त रिपोर्टिंग, शिकायतों का वर्गीकरण और लोकपाल द्वारा शिकायतों के निपटान की सुविधा प्रदान करेगा। यह लोकपाल द्वारा पुरस्कारों की ट्रैकिंग और समय पर वितरण भी सुनिश्चित करेगा। ऐप मनरेगा के पारिस्थितिकी तंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करेगा

57. यूएस चैंबर्स ऑफ कॉमर्स द्वारा संकलित अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक 2022 में भारत की रैंक **43वीं** है।

नोट: दसवें संस्करण में भारत का कुल स्कोर 38.40 प्रतिशत (50 में से 19.20) से बढ़कर 10वें संस्करण में 38.64 प्रतिशत (50 में से 19.32) हो गया। यह यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स के ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर द्वारा जारी किया गया। शीर्ष देश: अमेरिका, उसके बाद यूके, जर्मनी, स्वीडन और फ्रांस का स्थान है।

58. **कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा** सौर ऊर्जा द्वारा संचालित दुनिया का पहला हवाई अड्डा, जो ऊर्जा स्थिर बनेगा।

नोट: CIAL के सौर संयंत्र मिलकर एक दिन में दो लाख यूनिट बिजली उत्पन्न करते हैं जबकि हवाई अड्डे में बिजली की दैनिक खपत 1.6 लाख यूनिट है। हवाईअड्डा 2015 में पूर्णतया सौर ऊर्जा से संचालित दुनिया का पहला हवाई अड्डा बन गया।

59. भाषा संगम मोबाइल ऐप में लोग **22** भारतीय भाषाओं में दैनिक उपयोग के 100+ वाक्य सीख सकते हैं।

नोट: 'भाषा सर्टिफिकेट सेल्फी' पहल लोगों को #BhashaCertificateSelfie का उपयोग करके अपने सोशल मीडिया अकाउंट से सर्टिफिकेट के साथ अपनी सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। ऐप का उपयोग करके, लोग 22 अनुसूचित भारतीय भाषाओं में दैनिक उपयोग के 100+ वाक्य सीख सकते हैं।

60. रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूक्रेन से भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन का नाम **ऑपरेशन गंगा**।

नोट: यूक्रेन और रूस के बीच जारी तनाव के कारण, राष्ट्रों की सुरक्षा के लिए यूक्रेन को अधिकारियों द्वारा नो-फ्लाई ज़ोन घोषित किया गया है। इससे कई भारतीय नागरिक यूक्रेन में फंसे रह गए। भारतीय नागरिकों को देश वापस आने में मदद करने के लिए, भारत सरकार ने ऑपरेशन गंगा नामक एक विशेष मिशन चलाने का फैसला किया।

61. केंद्रीय MSME मंत्री, नारायण राणे ने **सिंधुदुर्ग** पर MSME-प्रौद्योगिकी केंद्र की स्थापना की घोषणा की।

नोट: सिंधुदुर्ग में लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होने वाला MSME-प्रौद्योगिकी केंद्र MSME उद्योगों की प्रतिस्पर्धा को बढ़ाएगा। MSME रुपे क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ता को किसी भी समय डिजिटल भुगतान की सुविधा का लाभ उठाने में सक्षम करेगा।

62. रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर समर्थित BSES की सहायक कंपनी BSES यमुना पावर लिमिटेड (BYPL) ने भारत का पहला 'स्मार्ट मैनेज्ड ईवी चार्जिंग स्टेशन' **नई दिल्ली में** चालू किया।

नोट: उत्तरी यूरोप के देशों की सरकारों द्वारा प्रोत्साहित संगठन नॉर्डिक इनोवेशन द्वारा समर्थित और फोर्टम चार्ज एंड ड्राइव द्वारा निष्पादित, यह पहला BYPL संचालित और प्रबंधित स्मार्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन होगा।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. **आंध्र प्रदेश** राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु 2 वर्ष बढ़ाकर 62 वर्ष करने के लिए एक अध्यादेश जारी किया।

   नोट: राज्यपाल बिस्वभूषण हरिचंदन ने इस आशय से आंध्र प्रदेश लोक रोजगार (सेवानिवृत्ति आयु का विनियमन) (संशोधन) अध्यादेश, 2022 लागू किया। 21 जनवरी को, राज्य मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप आंध्र प्रदेश लोक रोजगार (सेवानिवृत्ति आयु का विनियमन) अधिनियम, 1984 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

2. स्पितुक गस्टर **लद्दाख** प्रदेश की सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासत का वार्षिकोत्सव है।

   नोट: यह हर वर्ष मनाया जाने वाला दो दिवसीय लद्दाखी संस्कृति और पारंपरिक विरासत वार्षिकोत्सव है। उत्सव का मुख्य आकर्षण रंगीन मुखौटा नृत्य था जिसे स्थानीय रूप से चम्स कहा जाता है, जो मठ के भिक्षुओं द्वारा महाकाल (गोंबो), पलदानल्हामो (श्रीदेवी), श्वेत महाकाल, रक्षक देवता जैसे विभिन्न देवताओं का चित्रण करते हुए सर्वोत्तम परिधानों में किया जाता था।

3. भारत का पहला 'भूवैज्ञानिक पार्क' मध्य प्रदेश राज्य में स्थापित किया जाएगा।

   नोट: भारत सरकार के खनन मंत्रालय के अधीन भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा पार्क के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है, इसके निर्माण के लिए 35 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। भूवैज्ञानिक पार्क लम्हेटा में बनेगा, क्योंकि यह स्थान भूगर्भीय दृष्टि से विश्व के महत्वपूर्ण स्थानों में से एक है।

4. खिजड़िया वन्यजीव अभयारण्य **गुजरात** में स्थित है जिसे हाल ही में रामसर स्थल घोषित किया गया है।

   नोट: खिजड़िया वन्यजीव अभयारण्य (रामसर स्थल संख्या 2464), कच्छ की खाड़ी के तट के पास एक मीठे पानी की आर्द्रभूमि, 1920 में तत्कालीन नवानगर रियासत के शासक द्वारा खारा पानी के प्रवेश से कृषि भूमि की रक्षा के लिए एक बांध (खंदक) के निर्माण के बाद बनाया गया था। अभयारण्य अब समुद्री राष्ट्रीय उद्यान, जामनगर का भाग है, जो देश का पहला समुद्री राष्ट्रीय उद्यान है।

5. बखिरा वन्यजीव अभयारण्य **उत्तर प्रदेश** में स्थित है जिसे विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2022 के अवसर पर रामसर स्थल चुना गया।

   नोट: इसके साथ, भारत में रामसर स्थलों की कुल संख्या 49 हो गई है जो 1,093,636 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हैं। बखिरा वन्यजीव अभयारण्य (स्थल संख्या 2465), संत कबीर नगर जिले में एक मीठे पानी का दलदल, पूर्वी उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा प्राकृतिक बाढ़ क्षेत्र है।

6. पारंपरिक तोरग्या महोत्सव **अरुणाचल प्रदेश** राज्य में मनाया जाता है।

   नोट: पारंपरिक तोरग्या महोत्सव अरुणाचल प्रदेश में मोनपा समुदाय द्वारा मनाया जाता है। महोत्सव का उद्देश्य स्वस्थ तथा समृद्ध नववर्ष का स्वागत करना और किसी भी तरह के बाह्य आघात को दूर करना और लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाना है।

7. **उत्तर प्रदेश** राज्य की झांकी को गणतंत्र दिवस परेड 2022 में सर्वोत्तम राज्य झांकी चुना गया।

   नोट: उत्तर प्रदेश की झांकी 'एक जिला एक उत्पाद' और काशी विश्वनाथ धाम' विषय पर आधारित थी। 'पारंपरिक हस्तशिल्प के पालने' पर आधारित झांकी के लिए कर्नाटक को दूसरा स्थान मिला। मेघालय को 'राज्य की स्थापना के 50 वर्ष और महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियों तथा SHG को श्रद्धांजलि' पर अपनी झांकी के लिए तीसरा स्थान मिला।

8. अनुसूचित जाति के उद्यमियों के स्वामित्व वाले सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यमों (MSME) की संख्या वाली सूची में भारत का शीर्ष राज्य **महाराष्ट्र** है।

नोट: केंद्रीय MSME मंत्रालय में विकास आयुक्त कार्यालय द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, 42,997 उद्यमों के साथ तमिलनाडु और 38,517 इकाइयों के साथ राजस्थान क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। चौथा, पांचवां और छठा स्थान क्रमशः उत्तर प्रदेश (36,913 इकाइयां), कर्नाटक (28,803 उद्यम) और पंजाब (24,503 इकाइयां) का है।

9. मतदाताओं के बीच मतदाता जागरूकता फैलाने के लिए **पंजाब** राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव शुभंकर - 'शेरा' का अनावरण किया।

नोट: चुनावी शुभंकर, 'शेरा' पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है। सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (SVEEP) प्रॉजेक्ट के तहत प्रचारित, शुभंकर का उद्देश्य मतदाता जागरूकता बढ़ाना और कुल मतदान बढ़ाने तथा नैतिक मतदान को बढ़ावा देने के लिए चुनाव में भागीदारी बढ़ाना है।

10. **पश्चिम बंगाल** राज्य सरकार ने कक्षा 1 से 7 के विद्यार्थियों के लिए एक ओपन-एयर क्लासरूम 'पराय शिक्षालय' लॉन्च किया है।

नोट: इस पहल का उद्देश्य उन विद्यार्थियों को शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना है जो कोविड-19 महामारी के दौरान स्कूल छोड़ चुके हैं। बंगाल सरकार द्वारा कोविड महामारी की स्थिति को ध्यान में रखते हुए पहल शुरू की गई है, जिसने विद्यार्थियों को घर में रहने और ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेने के लिए मजबूर कर दिया।

11. केरल राज्य सरकार ने अपने "क्लीन एनर्जी इंटरनेशनल इनक्यूबेशन सेंटर (CEIIC) के माध्यम से सोशल अल्फा के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: केरल विकास और नवाचार रणनीति परिषद (KDISC) और ऊर्जा प्रबंधन केंद्र (EMC) ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन केरल के कार्यक्रमों और पहलों के अनुरूप नवीन तथा स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग हेतु KDISC, EMC और CEIIC की साझा प्रतिबद्धता पर जोर देता है।

12. अमेजन इंडिया ने महिला उद्यमियों के विकास में सहायता हेतु **कर्नाटक** राज्य सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: अमेजन इंडिया अपने मार्केटप्लेस में संजीवनी-KSRLPS लॉन्च करेगी और हजारों महिला उद्यमियों को प्रशिक्षित एवं सशक्त बनाकर ऑनलाइन आने तथा अपने उत्पादों हेतु व्यापक बाजार तक पहुंच के लिए 'सहेली' कार्यक्रम के लाभों का विस्तार करेगी।

13. राष्ट्र के स्वामित्व वाली टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (THDCIL) ने **राजस्थान** पर 10,000 करोड़ रुपये के निवेश से 10,000 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजनाओं के निर्माण के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (THDCIL) ने अगस्त 2021 में 10,000 मेगावाट के नवीकरणीय ऊर्जा पार्कों/ परियोजनाओं की स्थापना के लिए राजस्थान में 40,000 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ आशय पत्र (LoI) पर हस्ताक्षर किए।

14. भारत का पहला बृहत् परिमाण वाला जैव-ईंधन आधारित हाइड्रोजन संयंत्र **मध्य प्रदेश** में स्थापित होगा।

नोट: संयंत्र 30 टन जैव-ईंधन फीडस्टॉक से प्रतिदिन एक टन हाइड्रोजन का उत्पादन करेगा। यह बायोचार और मीथेन का भी उत्पादन करेगा। संयंत्र को 24 करोड़ रुपये के निवेश के साथ वाटोमो एनर्जी लिमिटेड और बीज़ल ग्रीन एनर्जी के संयुक्त उद्यम द्वारा लगाया जा रहा है।

15. राष्ट्र द्वारा संचालित सतलुज जल विद्युत निगम ने अगले पांच वर्षों में **राजस्थान** में 10,000 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजनाएं विकसित करने के लिए एक आशय पत्र (LoI) पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: इस पर एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर शीघ्र ही हस्ताक्षर किए जाएंगे, और अनुमानित निवेश 50,000 करोड़ रुपये है।

16. वी हब **तेलंगाना** राज्य सरकार की महिला उद्यमियों के लिए एक विशिष्ट इनक्यूबेटर है, जिसने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक विशेष इनक्यूबेटर कार्यक्रम शुरू किया है।

नोट: पूरे वर्ष चलने वाले कार्यक्रम का लक्ष्य स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के अलावा लघु एवं मध्यम उद्यमों का तीव्र विकास करना है। तेलंगाना सरकार द्वारा प्रवर्तित वी हब ने ग्रामीण उद्भवन कार्यक्रम के लिए आवेदन मांगे हैं।

17. तेलंगाना राज्य सरकार और ब्रिटिश काउंसिल जो शैक्षणिक अवसरों तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है, ने शिक्षा, अंग्रेजी और कला में साझेदारी को नवीनीकृत करने के लिए 3 वर्ष के समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।

नोट: इसका उद्देश्य तेलंगाना के युवाओं को वैश्विक अवसर प्रदान करने के लिए संस्थानों के बीच अनुसंधान की सुविधा और विश्व स्तर पर उच्च शिक्षा का विस्तार करने में सहायता करना है। विस्तारित 3 वर्ष के MoU के तहत, ब्रिटिश काउंसिल ने हैदराबाद के रिसर्च एंड इनोवेशन सर्कल (RICH) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जो यूके और तेलंगाना में विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों और उत्कृष्टता केंद्रों के बीच नई साझेदारी की योजना बनाने के लिए मिलकर काम करेगा।

18. जम्मू और कश्मीर (J&K) सरकार ने जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश (UT) में भेड़ पालन क्षेत्र के परिवर्तन के लिए **न्यूजीलैंड** के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

नोट: इसका उद्देश्य किसान के पारिश्रमिक में सुधार, अनुसंधान एवं विकास में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, जम्मू-कश्मीर के भेड़ उत्पादों का विपणन तथा मूल्यवर्धन करना है। उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा और कृषि उत्पादन एवं किसान कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव नवीन चौधरी की उपस्थिति में वर्चुअल मोड के माध्यम से समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

19. भांग (कैनबिस) की खेती को खत्म करने के लिए **कर्नाटक** राज्य द्वारा 'ऑपरेशन परिवर्तन' शुरू किया गया।

नोट: इस तरह की पहल पहले कभी नहीं की गई थी और इससे राज्य को ड्रग्स के खतरे से लड़ने में मदद मिलेगी। इस ऑपरेशन का नेतृत्व विशाखापत्तनम में विशेष प्रवर्तन ब्यूरो (SEB) के साथ आंध्र प्रदेश पुलिस ने किया था।

20. **राजस्थान** राज्य सरकार ने 25,000 आंगनवाड़ी केंद्रों को नंद घर के रूप में विकसित करने के लिए वेदांत समूह के अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

नोट: फाउंडेशन लगभग 750 करोड़ रुपये (प्रति आंगनवाड़ी 3 लाख रुपये) खर्च करके नंद घरों का विकास करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों को नंद घर के रूप में विकसित करने से उनके बुनियादी ढांचे में सुधार होगा और साथ ही बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा पोषण भी मिलेगा। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में भी मदद मिलेगी।

21. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) ने 'माझी वसुंधरा' अभियान का समर्थन करने के लिए **महाराष्ट्र** राज्य सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: यूएन ऑफिस ने एक बयान में कहा कि संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम और महाराष्ट्र सरकार के बीच एक नई साझेदारी से जलवायु परिवर्तन शमन और अनुकूलन उपायों के कार्यान्वयन में राज्य को मदद मिलेगी।

22. मारू महोत्सव **मध्य प्रदेश** राज्य में मनाया गया।

नोट: इसे मारू महोत्सव ऑफ गोल्डन सिटी के नाम से भी जाना जाता है। यह 4 दिनों तक चलने वाला महोत्सव है जिसमें पगड़ी बांधना, पनिहारी मटका, मेहंदी और मंदाना जैसी प्रतियोगिताएं होती हैं। अन्य

आकर्षण: ऊंट सफारी, ऊंट सौंदर्यीकरण, ऊंट पोलो मैच, बीएसएफ ऊंट टैटू, ऊंट नृत्य, आदि।

23. भारत में दूसरे सबसे बड़े मेले मेदाराम जतारा का आयोजन **तेलंगाना** राज्य में किया जाता है, जिसके लिए जनजातीय कार्य मंत्रालय ने 2022 संस्करण हेतु 2.26 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।

नोट: आजादी का अमृत महोत्सव के तहत, भारत सरकार ने घोषणा की है कि जनजातीय संस्कृति और विरासत 2022 का आकर्षण-बिंदु होगी। कुंभ मेले के बाद मेदाराम जतारा देश का दूसरा सबसे बड़ा मेला है जो चार दिनों तक चलता है।

24. **गुजरात** राज्य सरकार ने राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी और IT सक्षम सेवाओं (ITeS) क्षेत्र के समग्र विकास के लिए क्यूएक्स ग्लोबल ग्रुप लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

नोट: गुजरात सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने आईटी तथा डिजिटल क्षेत्र के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र के विकास हेतु अगले 5 वर्षों के लिए एक नई IT/ ITeS नीति की घोषणा की थी। नीति का लक्ष्य मौजूदा निर्यात को 3,000 करोड़ रुपये वार्षिक से अगले पांच वर्षों में 25,000 करोड़ रुपये करना है।

25. **पश्चिम बंगाल** में भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) ने महिलाओं के लिए 'वेस्ट टू वेल्थ क्रिएशन' कार्यक्रम शुरू किया है।

नोट: इस कार्यक्रम के तहत, सिडबी वैकल्पिक आजीविका से राजस्व अर्जित करने में 50 महिलाओं तक लाभ पहुंचाएगा। बाद में, उनमें से प्रत्येक से अन्य उम्मीदवारों को ज्ञान प्रदान करने और इसका प्रसार करने के लिए प्रशिक्षक बनने की उम्मीद की जाती है।

26. फरवरी 2022 में, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए **बिहार** राज्य सरकार के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।

नोट: पहला MoU मनीष सिन्हा, महाप्रबंधक, सिडबी और पंकज दीक्षित, IAS निदेशक (तकनीकी विकास), बिहार सरकार द्वारा किया गया था। दूसरा MoU सिन्हा और BIADA मुख्यालय के ED भोगेंद्र लाल द्वारा किया गया था। बिहार भारत का 14वां राज्य है जिसके साथ सिडबी ने MSME को मजबूत करने के लिए साझेदारी की है। सिडबी बिहार के राज्य उद्योग विभाग के साथ एक विशेषज्ञ एजेंसी बनाएगा।

27. **मिजोरम** राज्य को जल्द ही एक मोटर रेसिंग ट्रैक प्राप्त होगा, जो पूर्वी तथा पूर्वोत्तर भारत में अपनी तरह का पहला ट्रैक होगा।

